



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

चैत्र नवरात्र
प्रथम दिन
मां शैलपुत्री


नई दिल्ली। रविवार 30 मार्च-2025 | वर्ष : 10 अंक : 99 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3


# स्मार्ट पाठकों का स्मार्ट अखबार




## ई-पेपर की विशेषताएं

- फोन की स्टोरेज पर नहीं पड़ेगा कोई असर
- अखबार की पीडीएफ बनाने की सुविधा
- कलेंडर से प्राप्त करें पुरानी तारीख का अखबार
- खबर को सेव और क्रॉप करने का ऑप्शन
- खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करने की सुविधा

रोजाना सुबह सोशल मीडिया के प्रमुख प्लेटफॉर्म पर अखबार का लिंक हो रहा है फॉरवर्ड

जब एक क्लिक पर खुले आपका करंट क्राइम अखबार तो फिर एमबी का बोझ क्यों करे आपका स्मार्ट फोन स्वीकार

https:// epaper.currentcrime.com/view/106/current-crime

# पंच योग में आज से हो रहा चैत्र नवरात्र का शुभारंभ



नई दिल्ली। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना के लिए चैत्र नवरात्र का शुभारंभ रविवार से हो रहा है। शेर की सवारी छोड़ मां इस बार हाथी पर सवार होकर आएंगी। इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग, ऐंद्र योग, बुधादित्य योग, शुक्रादित्य योग और लक्ष्मीनारायण योग बन रहे हैं। ये लाभदायक और उन्नतिकारक योग हैं।

इंडियन काउंसिल ऑफ एस्ट्रोलॉजिकल साइंस के सचिव आचार्य कौशल वत्स ने बताया कि मां शक्ति की आराधना के लिए यह विशेष अवसर है। नवरात्र में की गई पूजा से मां जल्दी प्रसन्न होकर अपने भक्तों का उद्धार करती हैं। नवरात्र में महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती सहित दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार आठ दिन ही व्रत रखे जाएंगे। नवरात्र में तृतीया तिथि का क्षय हो रहा है।

ज्योतिषाचार्य विनोद त्यागी ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 30 मार्च को है। इस वजह से नवरात्रि रविवार को शुरू होगी। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। लेकिन, द्वितीया और तृतीया तिथि 31 मार्च को एक ही दिन लग रही है। इसलिए तृतीया तिथि का क्षय हो रहा है। इस कारण चैत्र नवरात्रि पर आठ दिन ही व्रत रखा जाएगा। 31 मार्च द्वितीया तिथि में मां ब्रह्मचारिणी पूजन सुबह 9:12 बजे तक होगा।

निर्णय सिंधु और भारतीय ज्योतिष शास्त्रियों के अनुसार नवरात्रि पूजन द्विस्वभाव लग्न में करना शुभ होता है। मिथुन, कन्या, धनु तथा कुंभ राशि द्विस्वभाव राशि है। अतः इसी लग्न में पूजा प्रारंभ करनी चाहिए। रविवार 30 मार्च को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन रेवती नक्षत्र के साथ अश्विनी नक्षत्र और ऐंद्र योग होने के कारण बेहद शुभ होगा। ज्योतिष शास्त्र में इसको स्वयं सिद्ध मुहूर्त माना गया है।

### विशेष तिथियां

30 मार्च : मां शैलपुत्री- प्रतिपदा
31 मार्च : मां ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा- द्वितीया और तृतीया तिथि का क्षय
एक अप्रैल : मां कूष्मांडा- चतुर्थी
दो अप्रैल : मां स्कंदमाता- पंचमी
तीन अप्रैल : मां कात्यायनी- षष्ठी
चार अप्रैल : मां कालरात्रि- सप्तमी
पांच अप्रैल : मां महागौरी- अष्टमी
छह अप्रैल : मां सिद्धिदात्री- नवमी
सात अप्रैल : नवरात्र समापन- दशमी

# पीएम मोदी ने म्यांमार के जनरल से की बात, हादसे पर जताई संवेदना



**पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि एक करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।**

नई दिल्ली। म्यांमार में भूकंप की वजह से हालात भयावह हो गए हैं. पीएम मोदी ने म्यांमार के सेना प्रमुख से फोन पर बात कर संवेदनाएं जताई हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि एक करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है। म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने शनिवार को 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया। देश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने म्यांमार के लोगों के लिए तत्काल मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी है। सी-130 विमान कंबल, तिरपाल, स्वच्छता किट, स्लीपिंग बैग, सोलर लैंप, भोजन के पैकेट और रसोई सेट ले जा रहा है।

म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के एक दिन बाद, बचावकर्मी मलबे में अथक परिश्रम कर रहे हैं। देश के दूसरे सबसे बड़े शहर और भूकंप के केंद्र मांडले में जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। बर्मी राज्य मीडिया के अनुसार, 1,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, जबकि एक अमेरिकी एजेंसी ने चेतावनी दी है कि मरने वालों की संख्या 10,000 से अधिक हो सकती है। भूकंप इतना शक्तिशाली था कि 900 किलोमीटर दूर स्थित बैंकॉक में भी इसका असर महसूस किया गया, जिससे कई प्रतिष्ठित संरचनाएं और पुल ढह गए। भारत के कुछ हिस्सों, जिनमें मेघालय और मणिपुर शामिल हैं, के साथ-साथ बांग्लादेश, विशेषकर ढाका और चटगाँव, तथा चीन में भी तीव्र भूकंप महसूस किए गए।

कल की घटना से बचे हुए लोगों द्वारा बताई गई भयावह कहानियों के अनुसार तबाही के भयावह विवरण सामने आ रहे हैं। म्यांमार के एक जीवित बचे व्यक्ति ने बीबीसी को बताया कि भूकंप के बाद उसे मलबे से कैसे निकाला गया, जबकि वह शौचालय में था।

जब वह और अन्य लोग दूसरी इमारत में शरण लेने के लिए भागे, तो एक और भूकंप आया, जिससे वह इमारत भी ढह गई। उन्होंने कहा कि उनकी दादी, चाची और चाचा अभी भी लापता हैं, उन्होंने कहा कि उनके बचने की संभावना शून्य है।

## राम नगरी अयोध्या में रामनवमी मेला आज से

# भव्य लाइटिंग से जगमगाएगा राम मंदिर... की जाएगी विशेष व्यवस्था

**रामनगरी में इस समय रोजाना 70 से 80 हजार श्रद्धालु रामलला के दर्शन को पहुंच रहे हैं। रामजन्मोत्सव अयोध्या का मुख्य पर्व माना जाता है इसलिए रामनवमी मेले के नौ दिनों में अयोध्या में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। रामलला के दरबार में रोजाना ढाई से तीन लाख श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच सकते हैं।**







अयोध्या। यूपी के अयोध्या में रामनवमी मेला 30 मार्च, दिन रविवार से शुरू हो रहा है। मेले में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। रामनवमी मेले को लेकर राम जन्मभूमि परिसर की भव्य सजावट की जाएगी। विशेष लाइटिंग भी किए जाने की तैयारी है। इसी क्रम में शुक्रवार की रात राम मंदिर में प्रकाश व्यवस्था का ट्रायल किया गया। मंदिर के ऊपर तरह-तरह की रोशनी डाली गई। इससे मंदिर की भव्यता निखर उठी। करीब एक घंटे तक ट्रायल चला। मंदिर के अलग-अलग हिस्सों को प्रकाशित किया गया। रामनवमी तक रोजाना शाम 7 से रात 10 बजे तक मंदिर में विशेष प्रकाश व्यवस्था रहेगी।

रामनवमी मेले को लेकर अयोध्या में होटलों और धर्मशालाओं के 90 फीसदी कमरे फुल हो चुके हैं। बचे 10 फीसदी कमरों के लिए मारामारी मची है। एक-एक कमरे के लिए होटल मालिकों के पास सिफारिशें आ रही हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु होम स्टे में कमरे बुक करा रहे हैं, लेकिन यहां भी हाउसफुल का बोर्ड लगने से श्रद्धालु परेशान हैं। अब मठ-मंदिरों और आश्रम में ठिकाना खोज रहे हैं।

रामनवमी मेले में अभी तक 15 से 20 लाख श्रद्धालु आते रहे हैं, लेकिन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ी है। महाकुंभ मेले में दो माह में अयोध्या में तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। रामनवमी मेले में नौ दिनों तक मठ-मंदिरों में अनुष्ठान होते हैं। रामकथा, रामनाम संकीर्तन, नवाह पारायण, यज्ञ, हवन की धूम होती है। इन अनुष्ठानों में सहभागी बनने के लिए बड़ी संख्या में देश-विदेश के श्रद्धालु पहुंचेंगे। होटल व्यवसायी रामजी पांडेय ने बताया कि रामनवमी को लेकर होटल 10 अप्रैल तक फुल हो चुके हैं। कमरा बुक कराने के लिए रोजाना 50 से अधिक फोन आ रहे हैं। होटल व्यवसायी अनूप गुप्ता ने बताया कि रामनवमी मेला में शामिल होने के लिए लोगों में कमरे बुक कराने की होड़ हैं। एक पखवाड़ा पहले ही सभी कमरे छह अप्रैल तक के लिए बुक हो चुके हैं।

# मुरादाबाद में रिश्तों का कत्ल : बुआ और दादी पर आरोपी साहिल ने किया हथौड़े से वार, मौके पर ही दोनों की मौत

**यूपी के मुरादाबाद जिले से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक युवक ने दादी और बुआ को मार डाला। हथौड़े से सिर कूचकर दोनों की हत्या की। रिश्तेदारों के साथ आरोपी युवक ने सिविल लाइंस थाने पहुंचकर सरेंडर किया। हत्याकांड को अंजाम देने की चौंकाने वाली वजह आरोपी ने पुलिस को बताई है।**







मुरादाबाद। मुरादाबाद में बुआ और दादी की हत्या करने वाले साहिल उर्फ सोनू ने हथौड़े से पहला वार अपनी बुआ वंदना शर्मा पर किया। वह चीखने लगीं तो उनके बाल पकड़कर घसीटते हुए कमरे से बाहर ले गया। इसके बाद सिर पर एक के बाद एक छह वार किए। बेटी को बचाने के लिए सरोज अपने पोते के सामने गिड़गिड़ाती रहीं, लेकिन उसे रहम नहीं आया। बाद में आरोपी ने हथौड़े से एक वार अपनी दादी के सिर पर किया, जिससे उनकी भी मौत हो गई। पुलिस की पूछताछ में आरोपी साहिल ने यह बातें कुबूल कीं।

पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तो फर्श पर खून ही खून फैला था। वंदना शर्मा के सिर के बाल टूटे मिले, जिसे फोरेंसिक टीम ने जांच के लिए एकत्र किया। मौके पर संघर्ष के निशान भी मिले।

आरोपी साहिल ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह कई दिन से दादी और बुआ से रुपये मांग कर रहा था, लेकिन वह पैसे देने से मना कर रही थीं। इसके बाद ही उसने हत्या की साजिश रची। आरोपी ने पहले से ही हथौड़ा ढूंढकर रख लिया था। शुक्रवार सुबह छह बजे आरोपी उठा और उसने देखा कि दादी और बुआ अपने कमरे में हैं। दोनों को जगाया और फिर रुपये मांगे। जैसे ही मां-बेटी ने रुपये देने से इन्कार किया तुरंत आरोपी ने पहला वार अपने बुआ के सिर पर किया। उनके मुंह से खून बहने लगा। इसके बाद वह बुआ को घसीटकर कमरे के बाहर लाया।

इससे उनके सिर के बाल भी टूट गए। फिर आरोपी ने दोनों की हत्या कर दी।

### दादी और बुआ को मारकर आया हूं...

आरोपी साहिल की बुआ सीमा की बेटी पूजा की शादी बरेली में हुई है। वह बरेली के बड़ी बमनपुरी में रहती हैं। हत्या के बाद साहिल बरेली पहुंच गया और अपनी बहन पूजा व बहनोई सुबोध को बताया कि वह दादी और बुआ की हत्या करके आया है। यह सुनकर दोनों सहम गए। सुबोध ने पुलिस को बताया कि उन्हें कुछ देर तो समझ में ही नहीं आया कि क्या करें। इसके बाद उन्होंने किसी तरह साहिल को मुरादाबाद चलने के लिए मनाया। फिर सुबोध ने गाजियाबाद स्थित अपनी ससुराल में फोन कर अपने साले विशाल को पूरी जानकारी दी। फिर साहिल के साथ मुरादाबाद आ गए और उसे थाने लेकर पहुंचे।

### पेंशन के 35 हजार रुपये के सहारे चल रहा था घर का खर्च

रेलवे हरथला कॉलोनी स्थित मकान में तीनों रह रहे थे। साहिल कोई काम नहीं करता था। सरोज को मिलने वाले पेंशन के 35 हजार रुपये के सहारे ही घर का खर्च चल रहा था। साहिल की मां को उसके मायके से एक प्लॉट मिला था। कुछ दिन पहले प्लॉट बेचने के रुपये मिले थे। यह रुपये वंदना शर्मा के पास थे। पुलिस का कहना है कि आरोपी ऑटो खरीदने के लिए कई दिन से अपनी दादी और बुआ से रुपये मांग रहा था।

## मां है बदहवास : बाप ने चार मासूमों का कत्ल कर खुदकुशी की




शाहजहांपुर : यूपी के शाहजहांपुर में एक युवक ने अपने चार मासूम बच्चों की गला रेतकर हत्या कर दी। पांच लोगों मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बच्चों की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चों को यादकर मामा, नानी और अन्य रिश्तेदार कौशल्या से छिपकर रह-रहकर फफक पड़ते हैं। दरअसल, बच्चों की मां कौशल्या के जीवन में एक साल पहले तक सब अच्छा था। घर में गरीबी थी, लेकिन हंसते-खेलते चार बच्चे और पति के साथ जीवन की गाड़ी आगे बढ़ रही थी। बृहस्पतिवार की काली रात ने कौशल्या से सबकुछ छीन लिया। पोस्टमॉर्टम हाउस में कौशल्या चीख-चीखकर कहती रही कि वह भी मर जाएगी। कौशल्या खुद को कोई नुकसान न पहुंचा ले, इसलिए मायके वाले उसे अपने साथ ले गए।

## बेटे ने सिलबट्टे से कूचकर मां की हत्या कर डाली





औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में निठल्ले बेटे ने शौक पूरे न करने से नाराज होकर अपनी मां के सिर को सिलबट्टे से कूच कर उनकी हत्या कर दी। 27 मार्च की रात को लोगों को बुजुर्ग महिला का खून से लथपथ शव खेत में पड़ा मिला। महिला के भाइयों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने हत्यारोपी बेटे पुष्पेंद्र को हिरासत में लिया है।

फफूंद थाना के दौलतपुर गांव निवासी पुष्पेंद्र बेरोजगार है। बिना किसी कमाई के अपने शौक पूरे करने के लिए वह मां कमला देवी (70) पर निर्भर रहता था। वृद्ध होते हुए भी उसकी मां मेहनत मजदूरी कर बेटे का भरण पोषण करती थीं। 26 मार्च की रात को वह घर से मजदूरी करने के लिए निकली थीं। बेटे ने उसे मारकर खेत में फेंक दिया था। 27 मार्च की शाम को महिला के घर से दो किलोमीटर की दूरी पर खेतों से लौट रहे किसानों ने कमला देवी का शव गांव के रामनाथ के खेत में पड़ा देखा। घटना की जानकारी पर एसपी अभिजित आर शंकर, सीओ अजीतमल अशोक कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

# दिल्ली के बाजारों में दिखने लगी नवरात्रि की रौनक

## सूरत की चुनरी और मुकुट बिखेर रहे मार्किट में चमक





## ऑनलाइन बाजारों में दिखा जबरदस्त उछाल

नई दिल्ली। दिल्ली के बाजारों में चमकते मुकुट और सूरत की चुनरियों के साथ नवरात्रि की रौनक दिखने लगी है। मंदिरों से लेकर घरों तक नवरात्र की तैयारियां शुरू हो गई हैं। राजधानी के सदर बाजार, चांदनी चौक, करोल बाग, लाजपत नगर, सरोजिनी नगर, कनॉट प्लेस, राजेंद्र नगर, लक्ष्मी नगर, मायापुरी, साकेत और शाहदरा जैसे प्रमुख बाजारों की दुकानों पर सजी देवी प्रतिमाएं और साज-सज्जा के सामान लोगों का मन मोह रहे हैं। इसके अलावा, सिंदूर, बताशा, लौंग, इलायची, पान, फूल माला कलश, चुन्नी समेत पूजा सामग्री समेत कई चीजों की मांग बढ़ी है।

नवरात्रि पर भक्तजन देवी मां की आराधना में जुटे हैं। लेकिन इस बार पूजा के साथ पर्यावरण संरक्षण की भावना भी देखने को मिली है। बाजारों में इको-फ्रेंडली मूर्तियों की मांग बढ़ी है। बीते कुछ वर्षों से मिट्टी, गोबर, और प्राकृतिक रंगों से बनी प्रतिमाओं को प्राथमिकता दी गई है। प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों की जगह अब जल में आसानी से घुलने वाली और जैविक सामग्री से बनी प्रतिमाएं भक्तों की पहली पसंद बनी हैं।

सदर बाजार के एक मूर्तिकार रामप्रसाद शर्मा ने बताया, इको-फ्रेंडली मूर्तियों की मांग लगभग 40 फीसदी तक बढ़ गई है। लोग मिट्टी और हल्के रंगों से बनी प्रतिमाएं ज्यादा खरीद रहे हैं, ताकि विसर्जन से पानी को नुकसान नहीं पहुंचे।

ऑनलाइन बाजारों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। श्रद्धालु माता रानी के स्वागत के लिए पारंपरिक वस्त्र, आभूषण, पूजन सामग्री और गरबा-डांडिया के परिधानों की जमकर खरीदारी की है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे अमेजन, फ्लिपकार्ट व मिंत्रा पर ट्रेडिशनल साड़ियों, चूड़ियों, दुपट्टों और मूर्तियों की मांग बढ़ी है। खासतौर पर रेड और येलो कलर के परिधान ज्यादा पसंद किए जा रहे है। ऑनलाइन शॉपिंग की सुविधा और आकर्षक डिस्काउंट के कारण लोग बाजारों की भीड़ से बचते हुए घर बैठे खरीदारी कर रहे हैं। श्रद्धालु पूरी भक्ति और उल्लास के साथ माता रानी के आगमन की तैयारियों में जुटे हैं

> इस साल नवरात्रि पर बिक्री शानदार हो रही है। खासकर चुनरियां, देवी के मुकुट और सजावट का सामान बहुत ज्यादा बिक रहा है। लोग घरों और पंडालों को भव्य रूप देने के लिए बढ़-चढ़कर खरीदारी कर रहे हैं।
>
> –राजेश गुप्ता, सदर बाजार व्यापारी

> यहां हर साल नवरात्रि पर अच्छी बिक्री होती है, लेकिन इस बार इको-फ्रेंडली मूर्तियों की मांग काफी ज्यादा बढ़ गई है। लोग अब मिट्टी और पर्यावरण अनुकूल सामग्री से बनी मूर्तियों को प्राथमिकता दे रहे हैं।
>
> –मनीष अग्रवाल, चांदनी चौक

> नवरात्रि के लिए खास परिधान और आभूषण खरीदने आई हूं। गरबा और डांडिया के लिए इस बार बाजार में बहुत अच्छे ऑप्शन उपलब्ध हैं।
>
> –नीलम वर्मा, ग्राहक

# ऑपरेशन के दौरान पेट में छोड़ा रुई का बंडल, चिकित्सक पर केस दर्ज

### पांच साल तक बिगड़ती रही महिला की हालत



मेरठ। मेरठ में पांच साल पहले डिलीवरी के ऑपरेशन के दौरान पेट में रुई का बंडल छोड़ने के मामले में डॉ. शिखा जैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। रासना गांव की पीड़िता रजनी शर्मा की शिकायत व कोर्ट के आदेश पर टीपीनगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में रासना निवासी रजनी शर्मा ने बताया कि 30 जून 2018 को उन्होंने सिरोही नर्सिंग होम में बेटी को जन्म दिया था। डिलीवरी ऑपरेशन से डॉ. शिखा जैन ने कराई थी।

डिलीवरी के बाद लगातार उनके पेट में दर्द रहने लगा। वह कई बार डॉ. शिखा जैन के पास गई। उन्होंने रजनी शर्मा का कई बार चेकअप किया और पेट में अल्सर होने की बात कहते हुए दवा दे दी। इससे आराम नहीं मिला और हालत लगातार बिगड़ती चली गई।

तब डॉ. शिखा जैन ने उन्हें ऑपरेशन कराने की सलाह दी। इसमें करीब 4-5 लाख रुपये का खर्चा बताया। पीड़िता ने बाद में मेडिकल कॉलेज में अपना उपचार कराया। यहां दो ऑपरेशन हुए। जबकि डॉ. शिखा जैन ने कई बार उनके अल्ट्रासाउंड कराए और दवा देती रही।

इसकी शिकायत उन्होंने कई अधिकारियों समेत सीएमओ से भी की। आरोप है कि जांच में सामने आया कि डॉ. शिखा जैन की लापरवाही से ऑपरेशन के दौरान उनके पेट में रुई रह गई थी। उन्होंने थाने में डॉ. शिखा जैन के खिलाफ शिकायत की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। कोर्ट ने टीपीनगर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करने के आदेश दिए थे।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

हिन्दू नववर्ष 2082 की शुभकामनाएं









# पीएम मोदी ने म्यांमार के जनरल से बात कर हादसे पर जताई संवेदना

**पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि एक करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।**





**नई दिल्ली।** म्यांमार में भूकंप की वजह से हालात भयावह हो गए हैं. पीएम मोदी ने म्यांमार के सेना प्रमुख से फोन पर बात कर संवेदनाएं जताई हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि एक करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है। म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने शनिवार को 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया। देश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने म्यांमार के लोगों के लिए तत्काल मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी है। सी-130 विमान कंबल, तिरपाल, स्वच्छता किट, स्लीपिंग बैग, सोलर लैंप, भोजन के पैकेट और रसोई सेट ले जा रहा है।

म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के एक दिन बाद, बचावकर्मी मलबे में अथक परिश्रम कर रहे हैं। देश के दूसरे सबसे बड़े शहर और भूकंप के केंद्र मांडले में जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। बर्मी राज्य मीडिया के अनुसार, 1,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, जबकि एक अमेरिकी एजेंसी ने चेतावनी दी है कि मरने वालों की संख्या 10,000 से अधिक हो सकती है। भूकंप इतना शक्तिशाली था कि 900 किलोमीटर दूर स्थित बैंकॉक में भी इसका असर महसूस किया गया, जिससे कई प्रतिष्ठित संरचनाएं और पुल ढह गए।

भारत के कुछ हिस्सों, जिनमें मेघालय और मणिपुर शामिल हैं, के साथ-साथ बांग्लादेश, विशेषकर ढाका और चटगाँव, तथा चीन में भी तीव्र भूकंप महसूस किए गए।

कल की घटना से बचे हुए लोगों द्वारा बताई गई भयावह कहानियों के अनुसार तबाही के भयावह विवरण सामने आ रहे हैं।

# म्यांमार भूकंप : 33 टन राहत सामग्री लेकर हिंडन एयर बेस से रवाना हुई NDRF की टीम

## भोजन, चिकित्सा आपूर्ति, सोलर लालटेन, बर्तन, तिरपाल और कंबल रहे शामिल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** म्यांमार में भूकंप की तस्वीरें और वीडियो भारत में बैठे लोगों को भी डरा दे रहे हैं। तो भारत ने फिर एक बार पड़ोसी देश की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं। इसी कड़ी में हिंडन एयर बेस से भारतीय वायु सेवा के विमान सी-15 को एनडीआरएफ की टीम लगभग 33 टन राहत सामग्री लेकर म्यांमार के लिए रवाना हुई है। रवाना होने वाली टीम में राष्ट्रीय आपदा की आठवीं बटालियन की 80 रेस्क्यू की टीम म्यांमार में भीषण भूकंप के लिए गई है। इस यात्रा के दौरान नरेंद्र सिंह बुंदेला भारतीय पुलिस सेवा महानिरीक्षक और प्रवीण कुमार तिवारी सेनानी आठवीं बटालियन कमला नेहरू नगर के साथ ही पीके तिवारी के नेतृत्व में टीम ने विदेश की उड़ान भरी गई है।






### फिर दिखेगी राहत बचाव कार्य में भारतीय वायु सेवा और एनडीआरएफ की जुगलबंदी

करंट क्राइम : यह पहला मौका नहीं है, जब किसी पड़ोसी देश पर आपदा आने के बाद भारतीय वायु सेवा और एनडीआरएफ की टीम ने हाथ मिलाते हुए राहत बचाव और मदद के लिए उड़ान भरी है। इससे पहले भी नेपाल और यूक्रेन के साथ ही अन्य देशों में विपरीत परिस्थितियों में मदद के लिए गाजियाबाद से एनडीआरएफ का दस्ता जाता रहा है और इस बार भी ऐसा ही हुआ है।

### रेस्क्यू करने के साथ ही राहत सामग्री भी बांटेंगे एनडीआरएफ कर्मी

करंट क्राइम : कमांडेट पीके तिवारी के नेतृत्व में जो टीम रवाना हुई है, वह वहां जाकर ना सिर्फ खोज, बचाओ का काम करेगी बल्कि रेस्क्यू अभियान भी चलाएगी। साथ ही टीम के साथ कुल 33 रन आपदा राहत सामग्री भेजी गई है। जिसमें भोजन, चिकित्सा आपूर्ति, सोलर लालटेन, बर्तन, तिरपाल और कंबल यह टीम लेकर गई है। सी–15 भारतीय वायुसेना का एक विशेष विमान है। जो तमाम तरीके के समान और सैनिकों को ले जाने के लिए बड़े ऑपरेशन में काम लिया जाता है।

# एक्सप्रेस-वे पर प्रतिबंधित दुपहिया वाहनों पर FIR दर्ज किये जाने का प्रावधान नहीं : गम्भीर सिंह





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद, गम्भीर सिंह ने कहा कि 27/28/29.03.2025 को विभिन्न समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों एवं सोशल मीडिया में प्रकाशित / प्रसारित खबर कि दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस-वे तथा ईर्स्टन पैरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर प्रतिबन्धित दुपहिया वाहनों को ले जाने पर एफआईआर की कार्यवाही की जायेगी। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराया जाता है कि यातायात पुलिस नियमों के अनुसार दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस-वे तथा ईर्स्टन पैरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर प्रतिबन्धित दुपहिया वाहन ले जाने पर चालान, लाईसेंस सस्पेंड एवं वाहन सीज किये जाने आदि का प्राविधान है, किन्तु एफआईआर दर्ज किये जाने का प्राविधान नहीं है और न ही इस प्रकार का प्राविधान राष्ट्रीय राजमार्ग को है।

अतः प्रकाशित / प्रसारित खबर कि दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस-वे तथा ईर्स्टन पैरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर प्रतिबन्धित दुपहिया वाहनों को ले जाने पर एफ०आई०आर० की जायेगी, के कथन का खण्डन किया जाता है। यह खबर कानूनी कार्यवाही को त्रुटिवश समझने के कारण प्रकाशित व प्रसारित की गयी है।

# कब तक कांग्रेस काम चलायेगी सियासी रण में पुराने चेहरों से
# नई हवा की सियासत में कब देंगे दस्तक यहां नए चेहरे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनावी रण की बात करें तो अभी भाजपा दिल्ली में झाड़ू वालों का किला फतह करने के बाद अब यूपी में अपनी संगठन रणनीति को धार दे रही है। समाजवादी पार्टी भी लगातार अपने बयानों के साथ है। यहां अगर कांग्रेस की बात करें तो उत्तर प्रदेश में उसकी स्थिति बहुत ज्यादा ठीक नहीं है। गाजियाबाद में कांग्रेस एक लंबे समय से सियासी सूखे का इंतजार कर रही है। लोकसभा से वो पहले ही साफ है और विधानसभा में भी सीन ऐसा ही है।

सबसे बड़ी बात ये है कि कांग्रेस अब मौहल्लों से भी गायब हुई है। नगर निगम में कभी उसके 16 पार्षद हुआ करते थे लेकिन आज वो केवल 3 पार्षदों के दम पर निगम में है। इनमें भी एक पार्षद का पूरा रूझान भाजपा के साथ बताया जाता है। कांग्रेस में भी नए प्रयोग करें है और हाल ही में उसने अपने जिले और महानगर की कमान नए हाथों में दी है। यहां उसने जिले में ब्राह्मण तो महानगर में दलित कार्ड खेला है। लेकिन अब कांग्रेस के भीतर ही ये सवाल उठने लगा है कि आखिर कांग्रेस सियासी बिसात पर कब तक पुराने मोहरो के साथ आयेगी। कब वो यहां नए चेहरों को लेकर आयेगी। कांग्रेस के दफ्तर पर किसी नए युवा चेहरे ने दस्तक भी नहीं दी है। ऐसे में कांग्रेस किस तरह से अपने सियासी वजूद को यहां मजबूत करेगी ये सोचने की बात है।



### दलित राजनीति में नए अध्यक्ष की कितनी दखल



करंट क्राइम। कांग्रेस ने महानगर में दलित कार्ड खेला है। यहां पूर्व पार्षद वीर सिंह को महानगर की कमान दी गई है। वीर सिंह की दलित बिरादरी में कितनी दखल है। ये अब संगठन गठन के बाद पता चलेगा। हालांकि इसका लिटमस टेस्ट तो 14 अप्रैल के दिन ही हो जायेगा। बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती पर कांग्रेस कितनी भागीदारी के साथ आयेगी और नए अध्यक्ष कितना कारगर तरीके से यहां आयोजन करते हैं। यह भी देखा जायेगा। फिलहाल कांग्रेस का ये दलित चेहरा अपने दम पर दलित राजनीति में कितनी दखल दे पायेगा और कितने युवा दलित चेहरों को कांग्रेस से जोड़ पायेगा, ये देखने की बात है।


### दलित राजनीति में नए अध्यक्ष की कितनी दखल

करंट क्राइम। कांग्रेस ने महानगर में दलित कार्ड खेला है। यहां पूर्व पार्षद वीर सिंह को महानगर की कमान दी गई है। वीर सिंह की दलित बिरादरी में कितनी दखल है। ये अब संगठन गठन के बाद पता चलेगा। हालांकि इसका लिटमस टेस्ट तो 14 अप्रैल के दिन ही हो जायेगा। बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती पर कांग्रेस कितनी भागीदारी के साथ आयेगी और नए अध्यक्ष कितना कारगर तरीके से यहां आयोजन करते हैं। यह भी देखा जायेगा। फिलहाल कांग्रेस का ये दलित चेहरा अपने दम पर दलित राजनीति में कितनी दखल दे पायेगा और कितने युवा दलित चेहरों को कांग्रेस से जोड़ पायेगा, ये देखने की बात है।




### डॉली शर्मा के बाद किस युवा नेता को मिला मौका

**करंट क्राइम।** बात युवा चेहरों की हो रही है और कांग्रेस के सियासी रण में इन चेहरों की दरकार भी है। अगर सियासी ट्रेक पर नजर दौड़ायें तो यहां कांग्रेस ने युवा और नए चेहरे के रूप में डॉली शर्मा को मौका दिया। डॉली शर्मा चुनाव भले ही हार गई लेकिन उन्होंने अपने सियासी तेवरों से यहां कांग्रेस को चुनावी रण में खड़ा किया। इसके बाद एक चलन ये भी चला कि हर चुनाव में डॉली को ही टिकट मिला। अगर यहां कांग्रेस डॉली शर्मा की तरह अन्य नए युवा चेहरों पर फोकस करती तो कई शिक्षित और तर्कशील युवा कांग्रेस से जोडे जा सकते थे। कांग्रेस का वैसे भी यूथ चेहरों को लेकर सफलता का रिकार्ड रहा है। एक दौर था जब एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस के नाम की धमक दिल्ली से लेकर लखनऊ तक थी। उस दौर के कई ऊर्जावान युवा चेहरे रहे नेता अब अन्य दलों में पदों पर हैं। सवाल यही है कि केवल एक डॉली शर्मा से काम नहीं चलेगा। यहां कांग्रेस को छात्र राजनीति के ट्रैक से युवाओं को अपनी नीतियों और विचारधाराओं से जोड़ना होगा। इसके बाद विपक्ष वाले तेवरों के साथ युवा नेता जब आयेंगे तो यकीनन यहां सियासी सीन बदल जायेगा।

### ऐसे भी है पीसीसी जिनके मोहल्ले में हार गई कांग्रेस

करंट क्राइम। कांग्रेस की बात करें तो यहां उसके पास नेता बहुत हैं लेकिन कार्यकर्ता नहीं है। कांग्रेस की सियासी दुर्गति का भी एक कारण यही माना जाता है। यहां आपको एआईसीसी यानी ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य मिल जायेंगे। यहां प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी मिल जायेंगे। कमाल तो ये है कि यहां कांग्रेस ने ऐसे ऐसे नेताओं को पीसीसी बनाया है जिनके खुद के मोहल्ले में कांग्रेस ना केवल हारी बल्कि कई मोहल्लों में तो जमानत भी जब्त हो गई। सवाल यही है कि जो अपने मोहल्ले में कांग्रेस को वोट नहीं दिलवा सकते। उनसे कांग्रेस इस बात की उम्मीद कैसे लगा रही है कि वो प्रदेश में आकर कांग्रेस को मजबूत कर देंगे।

# उत्तर प्रदेश सरकार की आठ वर्ष की उपलब्धियों का मेला
# प्रशासन ने जल्दबाजी में लगाया : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कल मैं शाम को कविनगर रामलीला मैदान में एक मेले में गया। ये मेला जिला प्रशासन के सौजन्य से आयोजित किया गया है। इस मेले में उत्तर प्रदेश सरकार की 8वर्ष की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए किया गया है।इस मेले को देखने के लिए मुझे सिविल डिफेंस के प्रमुख व प्रमुख व्यवसाई ललित जायसवाल द्वारा निमंत्रण मिला था। मेले में लगभग सभी प्रमुख विभागों के स्टॉल्स लगे थे जिनमें उनके द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी।सूचना विभाग द्वारा सरकार की उपलब्धियों के फोल्डर वितरित किए जा रहे थे।यूपी के उपयोगी 8 वर्ष नाम से एक पुस्तिका प्रकाशित हुई है। इसमें प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बड़े व्यवस्थित व सुंदर ढंग से प्रकाशित की गई है। पुस्तक आर्ट पेपर पर और बहुरंगों में छापी गई है। पुस्तक आकर्षक है और हाथ में आते ही पढ़ने को मन करता है। इसके अतिरिक्त शिक्षा सेक्टर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेक्टर, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास सेक्टर, राजस्व संग्रह सेक्टर।ग्राम्य विकास सेक्टर, कानून व्यवस्था सेक्टर, पर्यटन एवं संस्कृति सेक्टर और यूपी के उपयोगी 8 वर्ष, ज्ञान ही आधार डबल इंजन सरकार शीर्षक से फोल्डर प्रकाशित किए हैं। इन सभी में अलग अलग विभागों के उपलब्धियों का विवरण अंकित किया गया है। पूरा साहित्य पढ़ने के लिए कमसे कम एक घंटा तो लगाना ही पड़ेगा।



> मुझे मेले में ललित जायसवाल भी दिखे लेकिन वे जिलाधिकारी महोदय व अन्य अधिकारियों के साथ शायद माननीय मंत्री जी के आगमन की प्रतिक्षा में थे । इसलिए मैने उन्हें डिस्टर्ब किए बिना पूरे मेले का भ्रमण किया।

> अगर भाजपा संगठन भी प्रयास करके इस मेले में जनता को आमंत्रित करते तो मेला जन जन तक संदेश पहुंचाने में सफल होता। लेकिन भाजपा संगठन या तो सरकार चलाने में व्यस्त है या फिर मंचों पर भाषण देने और उसके फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने में व्यस्त रहता है।

मेले में झूले और फूड कोर्ट और कुछ स्टॉल्स भी लगे थे जिनमें कुछ कुछ बेचा जा रहा था। प्रमुख पंडाल में कल तो उस समय उद्यमिता पर कुछ विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जा रही थी। मुझे मेले में ललित जायसवाल भी दिखे लेकिन वे जिलाधिकारी महोदय व अन्य अधिकारियों के साथ शायद माननीय मंत्री जी के आगमन की प्रतिक्षा में थे । इसलिए मैने उन्हें डिस्टर्ब किए बिना पूरे मेले का भ्रमण किया। माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्टाल पर महर्षि दयानंद विद्यापीठ की शिक्षिका कोमल त्यागी, (मुख्य मंत्री शिक्षक सम्मान के लिए चयनित) और बोर्ड परीक्षा में जनपद की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त बच्चों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए थे। इससे पहले दिन भी महर्षि विद्यापीठ के प्रिंसिपल , शिक्षकों और बच्चों ने मेले का भ्रमण किया।

मेरे एक मित्र अधिकारी हैं ।कल मैने उन्हें फोन किया और पूछा कि आज कहां व्यस्त हो , उन्होंने हंस कर उत्तर दिया कि हम तो आजकल आपकी सरकार की प्रशंसा में व्यस्त हैं। जिस कर्मठता से सभी सरकारी अधिकारी इस आयोजन में लगे थे उससे ही मेले के आयोजन की सफलता असंदिग्ध हो गई। अगर भाजपा संगठन भी प्रयास करके इस मेले में जनता को आमंत्रित करते तो मेला जन जन तक संदेश पहुंचाने में सफल होता। लेकिन भाजपा संगठन या तो सरकार चलाने में व्यस्त है या फिर मंचों पर भाषण देने और उसके फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने में व्यस्त रहता है। जनप्रतिनिधियों ने भी इस मेले को देखने दिखाने में पर्याप्त रुचि नहीं दिखाई। सरकारी अधिकारी और कर्मचारी अगर चाहे तो सब कार्य कर बहुत बेहतर ढंग से कर सकता है लेकिन भीड़ नहीं ला सकता है। उसे लाने का दायित्व अगर संगठन निभाए तो सरकार द्वारा आयोजित इस मेले का बहुत बड़ा लाभ संगठन और सरकार को मिल सकता है।

> मुझे ऐसा लगता है मेला जल्दी में लगाया गया है। शासन के स्तर पर इसको लगाने का निर्णय संभवतः जल्दी में किया गया है। अगर इसको लगाने को पर्याप्त समय दिया जाता तो यह और भी प्रभावी हो सकता था। फिर भी केवल सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयास थे उससे मेले को सफल कहा जाएगा।

मुझे ऐसा लगता है मेला जल्दी में लगाया गया है। शासन के स्तर पर इसको लगाने का निर्णय संभवतः जल्दी में किया गया है। अगर इसको लगाने को पर्याप्त समय दिया जाता तो यह और भी प्रभावी हो सकता था। फिर भी केवल सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयास थे उससे मेले को सफल कहा जाएगा।

## संपादकीय

# समुचित वेतन

पांच साल बाद आखिरकार सांसदों के वेतन–भत्ते बढ़ाने की मंजूरी मिल ही गई है। इस बढ़ोतरी के बाद उनका मूल वेतन 1 लाख रुपये से बढ़कर 1.24 लाख रुपये प्रति माह हो गया है और 1 अप्रैल, 2023 से प्रभावी माना जा रहा है। सांसदों को मिलने वाले तमाम भत्ते भी जोड़ दें तो रकम बढ़कर 2.86 लाख रुपये प्रति माह हो जाती है। सांसदों के वेतन में यह बढ़ोतरी सुर्खियों में है। वेतन में यह बढ़ोतरी बहुत पहले हो जानी चाहिए थी मगर सांसद का वेतन तय करने की प्रक्रिया पर सवाल खड़े होने चाहिए। साथ ही यह भी पूछा जाना चाहिए कि भारत जैसे बड़े और जटिलता भरे देश में चुने हुए जन प्रतिनिधियों को पर्याप्त वेतन–भत्ते मिल रहे हैं या नहीं। जब 2018 में सांसदों के वेतन–भत्ते बढ़ाए गए थे तब तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने हर पांच साल में उनका वेतन स्वतः बढ़ जाने का प्रस्ताव रखा था। हालांकि यह मियाद लोक सभा के कार्यकाल के बराबर है किंतु इस दौरान बढ़ती महंगाई को देखकर पांच साल की सीमा व्यावहारिक नहीं रह गई है। जब 2020 में कोविड महामारी आई थी तब एक साल के लिए सांसदों का वेतन 30 प्रतिशत काट दिया गया मगर बाद में उसे बहाल कर दिया गया। अफसरशाहों के वेतन की समीक्षा और बढ़ोतरी नियमित अंतराल पर होती है। सांसदों के लिए भी वही अंतराल लागू होना चाहिए। जेटली ने यह भी कहा था कि सांसदों के वेतन–भत्ते में स्वतः बढ़ोतरी मुद्रास्फीति से जोड़ दी जाएगी। सांसदों को अपनी मर्जी से अपना वेतन तय करने देने के बजाय यह ज्यादा पारदर्शी तरीका है। लेकिन इस बार की वेतन वृद्धि 2018 के मानकों के हिसाब से नहीं हुई है क्योंकि यह सालाना 4.8 प्रतिशत बैठ रही है, जबकि महंगाई उससे ज्यादा बढ़ी है।

लोकतंत्र में निर्वाचित जन प्रतिनिधि को मिलने वाले वेतन–भत्ते उसके काम के लिहाज से पर्याप्त हैं या नहीं, इस पर चर्चा की गुंजाइश बनी रहती है। पहली नजर में सांसदों को बतौर वेतन–भत्ता मिलने वाले 2.86 लाख रुपये शीर्ष अफसरशाहों के वेतन–भत्ते के बराबर हैं। मगर मामला इतना सीधा नहीं है। वरीयता क्रम में सांसद भारत सरकार के सचिव से वरिष्ठ होता है, इसलिए सिद्धांत रूप में उसे अधिक वेतन मिलना चाहिए। दूसरी बात, अफरसशाहों के वेतन में मूल वेतन, महंगाई भत्ता और आवास तथा किराया भत्ता होते हैं। सांसद के वेतन में मूल वेतन के अलावा संसद में बिताए गए हर दिन के लिए दैनिक भत्ता, कार्यालय भत्ता और संसदीय क्षेत्र भत्ता शामिल होता है। हर महीने मिलने वाले संसदीय क्षेत्र भत्ते के 87,000 रुपये और कार्यालय भत्ते के 75,000 रुपये वेतन नहीं माने जा सकते क्योंकि उन्हें ये दोनों रकम खर्च करनी ही पड़ती हैं। कार्यालय भत्ते में कंप्यूटर जानने वाले सहायक का 50,000 रुपये मासिक वेतन और स्टेशनरी के 25,000 रुपये शामिल होते हैं।

सांसदों को बिजली, पानी, टेलीफोन और इंटरनेट बिल अपनी जेब से नहीं देना पड़ता और रहने की व्यवस्था भी सरकारी खर्च पर होती है। सांसद एवं उनके परिवार (और साथियों) को संसदीय क्षेत्र से दिल्ली यात्रा के लिए 34 हवाई टिकटों का पैसा सरकार से वापस मिल जाता है। साथ ही रेल यात्रा में भी उन्हें किराये पर रियायत मिलती है। सांसदों की संपत्ति बढ़ने के बारे में आम जनता के बीच जमकर चर्चा होती है मगर हकीकत यह है कि कई सांसद एकदम सामान्य पृष्ठभूमि से हैं। अमीर हों या गरीब, सांसदों को इतना वेतन तो मिलना ही चाहिए कि वे अपना काम ईमानदारी और अधिक से अधिक कुशलता से कर सकें।

# भारत के मध्यम वर्ग में बदल रहा खर्च करने का तरीका



**नई दिल्ली।** दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा आम लोगों की ओर से किए गए उपभोग से संचालित होता है। देश की अर्थव्यवस्था में निजी उपभोग का लगभग 60% का योगदान है। निजी उपभोग के इस 60% हिस्से का एक तिहाई वैसे खर्चे हैं, जिसे गैर जरूरी खर्च माना जा सकता है। इन खर्चों में मनोरंजन, बाहर खाने और छुट्टियों पर किया गया खर्च शामिल होता है। जाहिर तौर पर इस खर्च में देश के धनवान वर्ग का बड़ा हिस्सा है पर आम आदमी या मध्यम वर्ग भी पीछे नहीं। कुल गैर जरूरी खर्च का एक तिहाई मध्यम वर्ग की ओर से ही किया जा रहा है।

एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत के मध्यम वर्ग में खर्च करने का तरीका बदल रहा है। वह अब खर्च करने से पहले अपने पूर्वजों की तरह नहीं सोचता। उदाहरण के लिए, एक परिवार जो किराने के सामान लेने पर मोलभाव करता रहा है, वह अब कार खरीदते समय आसानी से पैसे खर्च कर देता है। इसी तरह, भारतीय समाज का एक वेतनभोगी पेशेवर घरेलू सेवाओं के लिए मोलभाव करता रहा है वह शानदार छुट्टियों की योजना बिना किसी हिचकिचाहट के बना लेता है। हालांकि, इस बदलाव का कारण लोगों की बचत बढ़ना कतई नहीं है। तो फिर कारण क्या है, आइए जानते हैं।

ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स का अनुमान है कि उभरते बाजारों में मध्यम वर्ग अगले दशक में दोगुना हो जाएगा। मध्यम वर्ग के घरों की संख्या 2024 के 35.4 करोड़ से बढ़कर 2034 तक 68.7 करोड़ हो जाएगी। 2029 तक, हर तीन में से दो मध्यम वर्ग के उपभोक्ता एशिया के होने की उम्मीद है। इनमें सबसे बड़ी वृद्धि चीन, भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम से होगी।

वहीं दूसरी ओर, आमदनी की बात करें तो आयकर के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 वर्षों से मध्यम वर्ग की आय लगभग साढ़े 10 लाख प्रति वर्ष के दायरे में ही स्थिर है, लेकिन वे अपना खर्चा लगातार बढ़ा रहे है।

रिपोर्ट के अनुसार मध्यम वर्ग के बीच गैर-जरूरी खर्च बढ़ने का कारण कर्ज लेने की प्रवृत्ति का लगातार बढ़ना हो सकता है।

लोग बचत कम कर रहे हैं, उधार ज्यादा ले रहे हैं। एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में 7.2% की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जो अपने प्रमुख समकक्षों की तुलना में सबसे तेज है। देश के मध्यम वर्ग में बचत घट रही है, लेकिन ऋण लेने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी घरेलू ऋण स्तरों पर चिंता व्यक्त की है।

# भंडारण सीमा का उल्लंघन करने वाली मिलों पर होगी कड़ी कार्रवाई



**नई दिल्ली।** सरकार मासिक भंडारण सीमा से जुड़े आदेशों का उल्लंघन करने वाली चीनी मिलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने जमाखोरी रोकने और मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए सफेद/रिफाइंड चीनी के लिए मासिक भंडारण सीमा निर्धारित की है। अप्रैल के लिए यह 23.5 लाख टन है।

मंत्रालय ने शुक्रवार को मिलों को जारी निर्देश में कहा, कुछ समूह और व्यक्तिगत चीनी मिलें पूर्व में दी गई चेतावनियों के बावजूद बार-बार भंडारण नियमों का उल्लंघन कर रही हैं।

इस कारण नए और सख्त निर्देश जारी किए जा रहे हैं, जो एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगे। नए निर्देशों के तहत, चीनी सत्र में कई बार उल्लंघन करने पर मिलों को अतिरिक्त चीनी जारी करने और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित कर दिया जाएगा। डीएफपीडी और डीएसवीओ की योजना का भी लाभ नहीं मिलेगा।

कार्रवाई : भविष्य में चीनी आवंटन पर लग सकता है प्रतिबंध

नियमों के पहली बार उल्लंघन करने पर बेची गई अतिरिक्त चीनी का 100 फीसदी अगले माह जारी होने वाली खेप से दंड स्वरूप काट लिया जाएगा।

दूसरी बार उल्लंघन करने पर 115 फीसदी, तीसरे बार में 130 फीसदी और चौथी बार में 150 फीसदी की कटौती की जाएगी।

बिना सूचना के कुल भंडार के 90 फीसदी से कम चीनी भेजने वाली मिलों को भविष्य में आवंटन पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

# पूंजी बाजार में विदेशी निवेशकों की वापसी



**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों की वापसी के बाद रुपये ने गिरावट को पीछे छोड़ते हुए जोरदार वापसी की है। मार्च में भारतीय रुपये में डॉलर की तुलना में छह साल की सबसे बड़ी मासिक तेजी देखने को मिली। इस दौरान यह 2.17 फीसदी बढ़कर 85.50 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले नवंबर, 2018 में रुपये में पांच फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी रही थी। भारतीय मुद्रा शुक्रवार को 24 पैसे बढ़त में बंद हुई। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में रुपया दो फीसदी से अधिक टूट गया है। 2 अप्रैल, 2024 को यह डॉलर की तुलना में 83.42 पर था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया, पूंजी बाजार में विदेशी निवेशकों की मार्च में वापसी हुई है। इससे घरेलू मुद्रा में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। पिछले छह लगातार कारोबारी सत्रों में विदेशी निवेशकों ने 32,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

शुक्रवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में भारतीय मुद्रा 85.64 के स्तर पर खुली। दिन के कारोबार के दौरान इसने 85.40 का उच्चतम स्तर और 85.70 का निम्नतम स्तर छुआ।

मार्च के पहले और दूसरे सप्ताह तक शेयर बाजार में भारी बिकवाली करने वाले विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अब निकासी बंद कर दी है। इस वजह से इस महीने में घरेलू बाजार से सिर्फ 3,973 करोड़ रुपये निकाले गए हैं। इससे पहले जनवरी में 78,027 करोड़ व फरवरी में 34,574 करोड़ रुपये निकाले थे। इस तरह, चालू कैलेंडर वर्ष में जनवरी से अब तक 1.16 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई है।

विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं में तेजी के बीच घरेलू बाजार में सोना पहली बार 92,000 के पार पहुंच गया। लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रखते हुए सोना शुक्रवार को दिल्ली सराफा बाजार में 1,100 रुपये महंगा होकर 92,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान–पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच–समझकर करें।

**धनु:** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीटू जंगल में जा रहा था तभी एक सांप ने उसके पैर में काट लिया।
टीटू को अचानक गुस्सा आया और सांप के आगे पैर कर दिया,
कहा ले...काट ले...जितना काटना है काट ले।
सांप ने फिर तीन–चार बार पैर पर लगातार काटा
फिर सांप थक कर बोला– अबे तू इंसान है या भूत?
टीटू– मैं तो इंसान ही हूं लेकिन मेरा यह पैर नकली है।

---

पत्नी ने मायके जाकर पति को फोन किया और कहा कैसे हो जी,
पति ने फोन उठाया और कहा ठीक हूं।
पत्नी– मेरी याद आती है तब क्या करते हो?
पति– तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता खा लेता हूं। और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी – मैं भी रॉयल स्टैग का क्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

# देश की अर्थव्यवस्था में शहरों से गांवों तक स्वदेशी उत्पादों का जोर




**नई दिल्ली।** भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। जिसमें देश की तमाम कंपनियों का योगदान है। खासकर वो कंपनियां जो स्वदेशी को आधार बनाकर देश में ही अपने उत्पाद बना रही हैं और नौकरियां पैदा कर रही हैं। इससे स्थानीय उत्पादों को दुनिया के तमाम बाजारों में भेजने में भी मदद मिल रही है। ऐसी ही कंपनियों की सूची में एक अग्रणी नाम है पतंजलि। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की अगुवाई में यह कंपनी देश की अर्थव्यवस्था को एक नए स्तर पर ले जाने में अपना योगदान दे रही है।

कंपनी का रेवेन्यू और मुनाफा लगातार बढ़ रहा है। देश की अग्रणी एफएमसीजी कंपनियों में से एक पतंजलि ने अपने विकास, रोजगार सृजन और स्वदेशी उत्पादों पर ध्यान दिया है।

इसने अपने अनूठे बिजनेस मॉडल और किफायती मूल्य रणनीति से एफएमसीजी व आयुर्वेदिक उत्पादों के बाजार में अपनी पैठ बना ली है। आइए जानते हैं पतंजलि किस तरह देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने का काम कर रही है? पतंजलि आयुर्वेद की स्थापना 2006 में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने की थी। इस ब्रांड ने भारतीय बाजार में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिया और विदेशी कंपनियों के एकछत्र राज को चुनौती दी। पतंजलि ने घरेलू उपभोक्ताओं के बीच भारतीय उत्पादों के प्रति विश्वास बढ़ाया और 'मेक इन इंडिया' व 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पतंजलि का विकास सिर्फ एक ब्रांड के रूप में नहीं हुआ, इसके स्वदेशी उत्पादों की श्रृंखला ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभागई। आयुर्वेदिक और प्राकृतिक उत्पादों की बढ़ती मांग ने इस सेक्टर में रोजगार के पर्याप्त अवसर भी बढ़ाए। कंपनी ने खाद्य, औषधि, कॉस्मेटिक्स और एफएमसीजी उत्पादों में विस्तार कर बहुराष्ट्रीय कंपनियों को टक्कर दी, जिससे भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ी। पतंजलि आयुर्वेद ने वित्तीय वर्ष 2024 में उल्लेखनीय राजस्व वृद्धि हासिल की है। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का राजस्व 9,335.3 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। पतंजलि समूह की ओर से अधिग्रहित पतंजलि फूड्स का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 45,000-50,000 करोड़ रुपये का कारोबार करना है।

पतंजलि ने कई लघु और मध्यम उद्योगों को सहयोग प्रदान किया है। कंपनी अपने उत्पादों के लिए स्थानीय किसानों और छोटे उत्पादकों से कच्चा माल खरीदती है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है। इससे किसानों को उचित मूल्य मिलता है और उनकी आय में वृद्धि होती है। नोएडा, नागपुर और इंदौर में नई उत्पादन इकाइयों सहित पतंजलि की विस्तार योजनाओं से रोजगार के अनेक अवसर पैदा होने की उम्मीद है। पतंजलि का बिजनेस मॉडल पूरी तरह से स्वदेशी है। कंपनी ने अपने उत्पादों के लिए घरेलू आपूर्ति श्रृंखला विकसित की है और पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आपको जानकर आश्चर्य होगा की टमाटर पीले, गुलाबी, बैंगनी, काले और यहां तक कि सफेद भी हो सकते हैं।
- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।
- टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने 'टॉमटाटो' का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी


संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# मनीषा ने एशियाई चैम्पियनशिप में पहला स्वर्ण जीता, पंघाल को कांस्य







**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय पहलवान मनीषा भानवाला ने शुक्रवार को यहां एशियाई चैम्पियनशिप में 2021 के बाद भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया जबकि अंतिम पंघाल को कांस्य से संतोष करना पड़ा। मनीषा ने महिलाओं की 62 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में कोरिया की ओक जे किम को 8 . 7 से मात दी । इससे पहले उन्होंने कजाखस्तान की टाइनिस डुबेक पर तकनीकी श्रेष्ठता से आसान जीत के साथ शुरूआत की और कोरिया की हनबिट ली को चित्त करके एक और शानदार जीत हासिल की।

मनीषा ने सेमीफाइनल में कलमीरा बिलिमबेक काजी के खिलाफ भी दबदबा बनाते हुए केवल एक अंक गंवाते हुए 5-1 से जीत दर्ज की। भारत को 2021 में अलमाटी में हुई चैम्पियनशिप में विनेश फोगाट और सरिता मोर ने पीला तमगा दिलाया था। वहीं पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक अभियान के बाद 20 साल की अंतिम अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट खेल रही थी। उन्होंने 53 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में चीन की जिन झांग को शिकस्त दी लेकिन जापान की मो कियूका के की चुनौती का सामना करने में नाकाम रही। जापान की पहलवान ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत हासिल की। कांस्य पदक के प्लेआफ में उन्होंने ताइपै की मेंग एच सियेह को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। नेहा शर्मा (57 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा) और ज्योति बेरीवाल (72 किग्रा) पदक दौर तक नहीं पहुंच सकीं। भारत ने अब तक टूनामेंट ग्रीको रोमन में दो पदक समेत एक स्वर्ण, एक रजत और छह कांस्य जीते हैं। पुरुषों की फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता शनिवार से शुरू होगी।

# भूमिका बदलने के बावजूद मुंबई को सफलता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं रोहित, बोले- नहीं बदली मानसिकता




**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि आईपीएल 2024 में खराब प्रदर्शन के बावजूद मुंबई इंडियंस को पुरानी सफलता दिलाने के लिए उनकी मानसिकता नहीं बदली है। पिछले सीजन मुंबई ने 14 में से चार मैच जीते थे और वह अंक तालिका में आखिरी स्थान पर रही थी। पिछले सीजन मुंबई इंडियंस ने रोहित की जगह हार्दिक पांड्या को कप्तानी सौंपी थी, लेकिन टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था।

## रोहित बोले- टी20 विश्व कप में था ध्यान

एमआई टीम से साक्षात्कार में रोहित ने कहा कि मुंबई ने पिछले सीजन अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला है। रोहित ने कहा कि हर खिलाड़ी को वापसी करने के लिए दृढ़ संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह अपने टी20 करियर को खत्म करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे, जो उन्होंने टी20 विश्व कप जीत के बाद किया। रोहित ने कहा, टीम का वो अच्छा प्रदर्शन नहीं था और मेरे ख्याल से हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला। आईपीएल के बाद कई सारी चीजें थी जिसे देखना था। मुझे पता था कि विश्व कप आ रहा है, इसलिए मेरा ध्यान विश्व कप की तरफ शिफ्ट हो गया। मुझे पता था कि यह मेरा आखिरी टी20 विश्व कप होगा इसलिए मैं जोखिम नहीं लेना चाहता था।

# ब्राजील फुटबॉल टीम को विश्व कप क्वालिफायर में मिली शर्मनाक हार, मुख्य कोच पर गिरी गाज, पद से हटाए गए




**ब्राजील।** ब्राजील के कोच डोरिवल जूनियर को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और खराब नतीजों के कारण 14 महीने के भीतर ही पद से हटा दिया गया है। ब्राजील को ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना ने 4-1 से हराया जो विश्व कप क्वालिफायर मुकाबले में उसकी सबसे शर्मनाक हार है। इसके तीन दिन बाद ही ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष एडनाल्डो रौड्रिगेस ने जूनियर को हटाने का फैसला किया।

उन्होंने मीडिया से कहा, 'परिसंघ यह घोषणा करता है कि डोरिवल जूनियर का कार्यकाल पूरा हो गया। अब हम विकल्प की तलाश कर रहे हैं।' ब्राजील विश्व कप 2026 दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग तालिका में पांचवें स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगी।ब्राजील पिछले साल कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में उरूग्वे से हारकर बाहर हो गया था।

टीम का फॉर्म पिछले कुछ समय से कुछ खास नहीं रहा है। 2022 विश्व कप में ब्राजील की टीम क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। तब ब्राजील को क्रोएशिया ने अंतिम-8 के मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। उससे पहले 2021 कोपा अमेरिका फाइनल में ब्राजील की टीम अर्जेंटीना के हाथों 1-0 से हार गई थी। ब्राजील ने पिछली बार कोई मेजर खिताब 2019 में जीता था, जब उसने कोपा अमेरिका अपने नाम किया था। तब उन्होंने फाइनल में पेरू को 3-1 से शिकस्त दी थी।

वहीं, 2018 फीफा विश्व कप में ब्राजील की टीम क्वार्टर फाइनल से बाहर हुई थी। अंतिम आठ के मुकाबले में बेल्जियम ने ब्राजील को 2-1 से हराया था। 2014 में ब्राजील में ही फीफा विश्व कप खेला गया था। तब टूनामेंट में ब्राजील की टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। हालांकि, अंतिम चार के मुकाबले में जर्मनी ने ब्राजील को 7-1 से करारी शिकस्त दी थी। ब्राजील ने 2002 के बाद से कभी फीफा विश्व कप का खिताब नहीं जीता है।

# जीत का खाता खोलने उतरेंगे गुजरात-मुंबई, हार्दिक करेंगे वापसी





**मुंबई।** आईपीएल की सबसे सफल टीम मुंबई इंडियंस का सामना शनिवार को आईपीएल 2025 के नौवें मुकाबले में शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस से होगा। गुजरात और मुंबई दोनों ही इस मैच में जीत का खाता खोलने उतरेंगे। गुजरात को जहां अपने पहले मैच में पंजाब किंग्स से 11 रन से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, मुंबई को चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले मैच में चार विकेट से हराया था। यह मुकाबला शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा, जबकि टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी शाम सात बजे होगा। गुजरात के गेंदबाजों ने पंजाब के खिलाफ जमकर रन लुटाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की टीम जीत के काफी करीब आ गई थी, लेकिन उसे अंत में 11 रन से हार का सामना करना पड़ा था। गुजरात को उम्मीद होगी कि उसके बल्लेबाज एक बार फिर बड़ी पारी खेलें और उनके गेंदबाज मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों को कम स्कोर पर रोकने में सफल रहे।

## रॉबिन मिंज को बैठना पड़ सकता है बाहर

दूसरी तरफ, मुंबई के लिए राहत की बात यह है कि इस मुकाबले में हार्दिक पांड्या खेलेंगे जो पिछले मैच में प्रतिबंध के कारण नहीं खेल सके थे। टूनामेंट अभी अपने शुरूआती दिनों में ही है, लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना मुंबई की गेंदबाजी इकाई संघर्ष करते हुए दिखी। इस दौरान पहले मैच में नियमित कप्तान हार्दिक की गैरमौजूदगी ने टीम के लिए चीजों को और मुश्किल कर दिया। हार्दिक भारतीय क्रिकेट में मौजूदा समय में एकमात्र तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं। वह गेंद और बल्ले दोनों में किसी एक से भी मैच पर बड़ा प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। उनकी वापसी का मतलब है कि रॉबिन मिंज को शायद बाहर बैठना होगा। मिंज अपने पहले मैच में चेन्नई के खिलाफ चेपॉक मैदान की मुश्किल पिच पर संघर्ष करते दिखे थे।

मुंबई इंडियंस के खिलाफ हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए गुजरात टाइटंस की टीम अरशद खान को बाहर रख सकती है और उनकी जगह वाशिंगटन सुंदर को मौका मिल सकता है।

## सूर्यकुमार-रोहित की फॉर्म मुंबई के लिए चिंता का विषय

मुंबई के लिए भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और टेस्ट तथा वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा की मौजूदा लय चिंता का सबब है। हार्दिक की वापसी से टीम की बल्लेबाजी को गहराई मिलेगी, जबकि जरूरत पड़ने पर वह नई गेंद से गेंदबाजी आक्रमण की शुरूआत भी कर सकते हैं। मुंबई इंडियंस की एक और समस्या विकेटकीपर बल्लेबाज की है। टीम रयान रिक्लेटोन पर बहुत अधिक निर्भर है क्योंकि रॉबिन मिंज के पास इस स्तर के क्रिकेट का ज्यादा अनुभव नहीं है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ स्पिनरों की मददगार पिच पर कलाई के स्पिनर विग्नेश पुथुर ने अपनी प्रतिभा से प्रभावित किया, लेकिन उनकी असली परीक्षा गुजरात टाइटंस के खिलाफ बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर होगी।

# दक्षिण भारत के ये दो शहर करेंगे जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी



**नई दिल्ली।** एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई और मदुरै करेंगे। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को बताया कि इस टूनामेंट का आयोजन 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होगा। पहली बार खिताब के लिए इस टूनामेंट में 24 टीमें हिस्सा लेंगी।

यह तीसरी बार होगा जब भारत जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। इससे पहले, 2016 में लखनऊ और 2021 में भुवनेश्वर ने इस टूनामेंट की मेजबानी की थी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया के लिए आगामी एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करना गर्व की बात है। इस बार टूनामेंट में 24 टीमें भाग ले रही हैं लिहाजा इसका आयोजन दो शहरों चेन्नई और मदुरै में किया जा रहा है। चेन्नई में 2023 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खेली गई थी, जबकि मदुरै में पहली बार इस स्तर का अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट हो रहा है।

# आरसीबी से हारने के बाद सीएसके के कोच फ्लेमिंग की सफाई, कहा- हमें कमतर नहीं आंके, टीम में है दम



**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इन आलोचनाओं को खारिज किया कि उनकी टीम की शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए । उन्होंने कहा कि चेन्नई टीम में काफी आक्रामकता है और कोई उन्हें कमतर आंकने की गलती नहीं करे। यह पूछने पर कि क्या उनकी शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए , न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, 'इसके क्या मायने हैं, मेरी शैली का क्रिकेट क्या है। पहला मैच जीतना, यही सही तरीका है। हमारे भीतर काफी आक्रामकता है। मैं यह प्रश्न समझा नहीं।'

उन्होंने कहा, 'सिर्फ इसलिए कि हम पहली ही गेंद से पीटना शुरू नहीं करते। हम आखिर में देखेंगे। हम सकारात्मक क्रिकेट खेलते हैं और कोई हमें कमतर नहीं आंक सकता। यह बेवकूफाना सवाल है।' फ्लेमिंग ने हालांकि स्वीकार किया कि शुक्रवार के मैच में उनकी टीम की फील्डिंग बहुत खराब थी।

उन्होंने कहा, 'हमने दो तीन मौके गंवाए। हमने उन्हें दबाव बनाने का मौका दिया। 175 का स्कोर सही होता लेकिन हमने क्षेत्ररक्षण में गलतियां की। जोश हेजलवुड ने आरसीबी के लिये शानदार गेंदबाजी की।' महेंद्र सिंह धोनी ने 16 गेंद में नाबाद 30 रन बनाये और आईपीएल के इतिहास में चेन्नई के लिये सर्वाधिक रन बनाने का सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ा।

फ्लेमिंग ने कहा, 'वह पिछले एक महीने से अभ्यास कर रहा है और ट्रेनर के साथ फिटनेस पर काफी मेहनत की है। वह हालांकि जब बल्लेबाजी के लिये आये तब जीत हासिल करना काफी कठिन हो गया था।'

## आरसीबी ने सीएसके को हराया

कप्तान रजत पाटीदार के अर्धशतक और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को उसके गढ़ चेपॉक पर हराया। आरसीबी ने 50 रन से जीत दर्ज की। आरसीबी के सात विकेट पर 196 रन के जवाब में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। आरसीबी की 2008 में आईपीएल के पहले सत्र के बाद चेपॉक पर चेन्नई के खिलाफ यह पहली जीत रही।

# आरसीबी की लगातार दो जीत से गदगद हुए एबी डिविलियर्स



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2025 में अपने अभियान की शुरूआत शानदार तरीके से की है। रजत पाटीदार की कप्तानी में उतरी आरसीबी ने लगातार दो मैच जीते हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर है। आरसीबी ने पहले गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को हराया और फिर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को हराकर चेपॉक में 17 साल का तिलिस्म तोड़ा।

## 17 साल बाद चेपॉक पर सीएसके को हराया

आरसीबी ने 2008 के बाद चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सीएसके को नहीं हराया था, लेकिन टीम ने शुक्रवार को 50 रन से जीत दर्ज की। दिलचस्प बात यह है कि आरसीबी को दोनों ही जीत अपने घरेलू मैदान से बाहर मिली है जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा है। आरसीबी ने कभी भी आईपीएल का खिताब नहीं जीता है और उसे पहली ट्रॉफी की तलाश है। टीम का लंबे समय तक हिस्सा रहे दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स आरसीबी की इस सफलता से काफी खुश हैं। उनका कहना है कि टीम पिछले सत्रों की तुलना में इस बार 10 गुना ज्यादा बेहतर नजर आ रही है और अच्छी शुरूआत करने से टीम का काम आसान होगा। डिविलियर्स ने कहा, आरसीबी टीम का संतुलन पिछले सीजनों की तुलना में 10 गुना ज्यादा बेहतर है। पिछले साल आईपीएल नीलामी के समय मैने कहा था कि आरसीबी को संतुलन की जरूरत है। यह गेंदबाजों, बल्लेबाजों या फील्डरों को लेकर नहीं था। यह आईपीएल टीमों और विकल्पों में अच्छे संतुलन को लेकर था। मैने भुवनेश्वर कुमार को देखा तो मुझे लगा कि वह नहीं खेल रहा है और फिर दूसरे मैच में वह टीम में था। आपको यही तो चाहिए। पहले मैच में भुवी टीम में नहीं था और दूसरे मैच में वह किसी और की जगह टीम में था। यही वह संतुलन और गहराई है जो टीम को चाहिए होती है।

उन्होंने कहा, आरसीबी की यह टूनामेंट में सर्वश्रेष्ठ शुरूआत है। नतीजों के नजरिये से ही नहीं बल्कि टीम को देखकर भी। केकेआर को उसके घर पर हराना और फिर चेन्नई को चेपॉक पर मात देना शानदार रहा। अब इससे आगे अंक तालिका में राह आसान हो जाएगी।

# क्या आरसीबी के लिए 'ई साला कप नामदे' होगा? चेन्नई सुपर किंग्स के नेट रन रेट को लगा झटका



**मुंबई।** आईपीएल 2025 में अब तक आठ मैच खेले जा चुके हैं। शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घर में 50 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही आरसीबी की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। दो बड़ी जीत के बाद बेंगलुरु का नेट रन रेट भी उछाल पर है। वहीं, चेन्नई के नेट रन रेट को तगड़ा झटका लगा है। 50 रन की बड़ी हार ने उन्हें अंक तालिका में भी नीचे धकेल दिया है।

बेंगलुरु के लिए क्या 'ई साला कप नामदे' (इस साल कप हमारा होगा) होगा? यह तो वक्त ही बताएगा। हर साल टूनामेंट की शुरूआत में यह कन्नड़ स्लोगन काफी चर्चा में रहता है, लेकिन पिछले 17 सीजन ऐसा हो नहीं सका है। हालांकि, महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के बाद यह स्लोगन 'ई साला कप नामदू' हो गया था। अब आईपीएल में जिस तरह से नए कप्तान रजत पाटीदार के अंडर यह टीम शुरूआती दो मैच खेली है, उससे लग रहा है कि इस बार सभी खिलाड़ी चार्ज्ड अप होकर आए हैं। टीम ने अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को उनके घर पर हराने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को भी उसके घर में हराया है। दो बाहरी मैच जीतकर टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। टीम के लिए अच्छी बात यह है कि उसे घर पर भी सात मैच खेलने हैं। ऐसे में दो बाहरी जीत आरसीबी के काम आ सकती है। बेंगलुरु के फिलहाल दो मैचों में चार अंक और +2.266 का बेहतरीन नेट रन रेट है। टीम की गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों संतुलित दिख रही है।

इसके नीचे की सभी टीमों का नेट रन रेट निगेटिव है। सनराइजर्स हैदराबाद के दो मैचों के बाद एक जीत और एक हार के साथ दो अंक हैं। टीम -0.128 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। वहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ दो अंक और -0.308 के नेट रन रेट के साथ छठे स्थान पर है। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स का नंबर आता है।

## चेन्नई की टीम का नेट रन रेट निगेटिव

वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना पहला मैच जीतने के बाद आरसीबी के खिलाफ बड़े अंतर से हारी। उसके दो मैचों के बाद दो अंक तो हैं, लेकिन नेट रन रेट +0.493 से -1.013 पर जा चुका है। अब टीम को पहले अपने नेट रन रेट को सुधारना होगा और इसके लिए जीत हासिल करनी होगी। लीग राउंड के आखिरी चरण में नेट रन रेट भी काफी मायने रखता है। चेन्नई की टीम फिलहाल अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

## लखनऊ और दिल्ली का जलवा

लखनऊ की टीम दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। दिल्ली के खिलाफ पहला मैच करीबी अंतर से गंवाने के बाद उसने सनराइजर्स हैदराबाद जैसी मजबूत टीम को बड़े अंतर से शिकस्त दी और उसका नेट रन रेट भी सुधर गया। लखनऊ के दो अंक हैं और उसका नेट रन रेट +0.963 है। पंजाब किंग्स एक मैच में एक जीत और दो अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.550 है। जबकि दिल्ली कैपिटल्स भी दो अंक और +0.371 का नेट रन रेट लेकर चौथे स्थान पर है।

# 'समझ नहीं आता धोनी देर से मैदान पर क्यों आते हैं?




**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स की रणनीति से हैरान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन ने कहा कि उन्हें समझ में नहीं आता कि एमएस धोनी निचले क्रम में बल्लेबाजी क्यों कर रहे हैं। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके को 50 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। वॉटसन को यह भी लगता है कि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को पारी की शुरूआत करनी चाहिए थी।

## 'धोनी को देखने सब आते हैं'

रविचंद्रन अश्विन को धोनी से पहले भेजा गया। वह खुद नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने आरसीबी के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 16 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाए, लेकिन यह प्रयास बेकार गया क्योंकि तब तक बहुत देर हो चुकी थी। धोनी के क्रीज पर आने से पहले ही मैच लगभग खत्म हो चुका था। वॉटसन ने कहा, 'यही वह चीज है जिसे देखने के लिए सीएसके के फैंस आते हैं, धोनी की 16 गेंदों पर 30 रन की पारी।'

## 'सैम करन को सातवें नंबर पर भेजना चाहिए था'

वॉटसन ने कहा, 'आमतौर पर, ऋतुराज मैदान पर खड़े रहने में विश्वास रखते हैं और स्ट्राइक रोटेट करते हैं, लेकिन उनके उस शॉट से पता चला कि वह दबाव में थे। दीपक हुड्डा फिलहाल खेलने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने हर एक गेंद ऐसे खेली जैसे वह बचने की कोशिश कर रहे हों। नंबर पांच पर सैम करन से बल्लेबाजी कराना भी गलत फैसला था। मैं उन्हें नंबर सात बल्लेबाज के रूप में देखता हूं। अभी सीएसके ने टीम संयोजन सही नहीं बनाए हैं और उन्हें कुछ बदलाव करने की आवश्यकता है। यदि वे इसी बल्लेबाजी क्रम के साथ बने रहते हैं, तो यह रिस्क होगा।'

## पिछले सत्र भी धोनी ने निचले क्रम में की थी बल्लेबाजी

धोनी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद पिछले संस्करण में भी निचले क्रम में बल्लेबाजी की थी। शुक्रवार की रात को कप्तान गायकवाड़ के नंबर तीन पर चार गेंदों पर शून्य पर आउट होने के कारण सीएसके का शीर्ष और मध्य क्रम चरमरा गया। वॉटसन ने कहा, 'राहुल त्रिपाठी को ओपनिंग के लिए भेजने जैसे कुछ फैसले देखकर निराश हूं। ऋतुराज गायकवाड़ एक बेहतरीन ओपनर हैं, फिर भी उन्हें बाद में आना पड़ा। यहां तक कि ऋतुराज ने जो शॉट खेले, उनमें से एक जिसमें उन्होंने हेजलवुड के खिलाफ खुद को जगह देकर ऑफसाइड में मारने की कोशिश की, वह भी गलत था।'

## वॉटसन धोनी की विकेटकीपिंग के कायल

वॉटसन और आकाश चोपड़ा दोनों ने 43 साल की उम्र में भी धोनी के कीपिंग कौशल की सराहना की। वॉटसन ने कहा, 'विकेटकीपिंग के नजरिए से धोनी अभी भी पहले की तरह ही फुर्तिले हैं। एक पल में गिल्लियां बिखेर देते हैं। इससे मुझे पता चलता है कि उनका खेल अभी भी बढ़िया है और वह पूरी तरह तैयार हैं। वहीं, आकाश चोपड़ा ने कहा, 'अगर सीएसके ने धोनी को पहले भेजा होता, तो उनके पास जीत की बेहतर संभावना होती। बेशक, दर्शकों ने शुक्रवार रात धोनी की छोटी पारी देखी, लेकिन उन्हें बहुत पसंद आया होगा। अगर माही पहले आते तो सीएसके के पास जीत का मौका होता।'

## 'धोनी को अश्विन से पहले आना चाहिए था'

वॉटसन ने कहा, 'मुझे उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आते देखना बहुत अच्छा लगता। मेरी राय में उन्हें अश्विन से पहले बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। खेल की स्थिति को देखते हुए धोनी इसी तरह 15 और गेंदों तक खेल सकते थे। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने लगातार दिखाया है कि वह अभी भी शानदार बल्लेबाजी कर सकते हैं। मेरा मानना है कि उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर लाया जाना चाहिए ताकि हम उनकी पूरी ताकत देख सकें।'

## 'सिर्फ धोनी ऐसी स्टंपिंग कर सकते हैं'

चोपड़ा ने यह भी बताया कि धोनी को क्या अलग बनाता है। उन्होंने कहा, 'शानदार विकेटकीपिंग! खेल में सबसे तेज हाथ। जब हम विकेट के पीछे गति की बात करते हैं, तो धोनी अब भी उसकी परिभाषा हैं। हम हमेशा कहते हैं कि घर पर ऐसा करने की कोशिश मत करो क्योंकि धोनी जो भी करते हैं वह वास्तव में अनूठा है। दुनिया में केवल एक ही खिलाड़ी है जो इस तरह की स्टंपिंग इतनी सटीकता से कर सकता है और वह एमएस धोनी हैं।' सीएसके ने अब तक एक मैच जीता है और एक हारा है। उनका अगला मुकाबला रविवार को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स से होगा।

# वैश्य समाज ट्रांस हिंडन का होली मिलन समारोह हुआ आयोजित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैश्य समाज ट्रांस हिंडन द्वारा मोनार्क बैंक्विट हॉल, हैबिटेट सेंटर इंदिरापुरम मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। भारतीय संस्कृति के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत पलक विजयवर्गीय द्वारा गणेश वंदना से की गई। विशिष्ट अतिथि महेश गोयल, सतीश गोयल, पार्षद कुसुम गोयल, मनोज गोयल, पार्षद धीरज अग्रवाल, नूपुर अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित करके उनका स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज की महिला सदस्यों द्वारा मंच पर नृत्य की एक शानदार प्रस्तुति दी गई। जिसमें रमा, प्रीति, सरिता, गरिमा, संगीता, रेनू, संध्या, कोमल और सुषमा शामिल थी।

कार्यक्रम के दौरान बीच-बीच में कई लकी ड्रा कूपन निकाले गए, जो जिंदल टाइल्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर वालों की तरफ से दिए गए। मंच संचालन में किरण गुप्ता और सीमा गुप्ता की जोड़ी प्रशंसनीय रही। कार्यक्रम मे कवि अनिरुद्ध वशिष्ठ, शैल भदावरी, सुनहरी लाल ने अपनी कविताओं द्वारा दर्शकों का मनोरंजन किया। राधा-कृष्ण संग सबने फूलों की होली खेली और गाने की धुन पर जमकर झूमे। संस्था की अध्यक्ष रेनू अग्रवाल ने बताया रंग हमारे जीवन को जीवंत और सुंदर बनाते हैं। वह हमारे अंदर खुशी प्रेरणा और शांति का भाव पैदा करते हैं। हम अच्छाई अपना कर बुराई को त्यागने का संकल्प लें तो समाज और बेहतर होगा।

# पार्षद शिल्पा चौधरी के अथक प्रयासों से वसुंधरा सेक्टर 10ए का सड़क निर्माण कार्य शुरू

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वसुंधरा के वार्ड 61 की पार्षद शिल्पा चौधरी के अथक प्रयास से शनिवार को वसुंधरा के वार्ड 61 के सेक्टर 10ए में पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने नारियल तोड़कर सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया।

पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने सड़क निर्माण कार्य उद्घाटन अवसर पर कहा कि स्थानीय निवासियों की सड़क बनवाने की वर्षों पुरानी मांग चल रही थी। जिसका शनिवार को



सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जा रहा है। जिसकी कुल लागत लगभग 26 लाख है। उन्होंने कहा कि यह सड़क न केवल लोगों की दिनचर्या को आसान बनाएगी, बल्कि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित होगी। में अपने वार्डवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि भविष्य में भी विकास कार्यों को इसी प्रकार आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर नीतेश भारद्वाज, पवन यादव, सतवीर चौधरी, नितिन भाटी, अखिलेश सक्सेना, अक्षत सक्सेना, हरिओम गुर्जर आदि लोग उपस्थित रहे।

# नोएडा में इमोशनल ब्लैकमेल कर 6.52 करोड़ ठगे

**नोएडा करंट क्राइम।** डेटिंग एप पर प्यार और उसके बाद निवेश के नाम पर दिल्ली की एक मल्टीनेशनल कंपनी के डायरेक्टर से 6 करोड़ 52 लाख 51 हजार रुपए से अधिक की ठगी हो गई। लगातार और रुपए मांगने के बाद उन्हें शक हुआ तो उन्होंने बात करने वाली महिला की प्रोफाइल को चेक किया तो वह फर्जी निकली। जिसके बाद पीड़ित ने इस मामले में साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने



मामले की जांच करने के साथ ही रुपए फ्रीज कराने का काम शुरू कर दिया है।

**पत्नी से तलाक के बाद डेटिंग ऐप पर महिला से हुई मुलाकात :** करंट क्राइम। नोएडा सेक्टर-76 निवासी पीड़ित एक मल्टीनेशनल कंपनी के डायरेक्टर हैं। उनका अपनी पत्नी के साथ तलाक हो चुका है। वह जीवन में आगे बढ़ने के लिए डेटिंग ऐप पर एक्टिव थे। इस दौरान दिसंबर में उनकी मुलाकात एक डेटिंग ऐप के जरिए अनीता नाम की महिला से हुई। महिला ने खुद को हैदराबाद निवासी बताया। इसके बाद दोनो में बातचीत होने लगी। कुछ दिन के बाद अनीता ने निदेशक को विश्वास में लेकर स्टॉक मार्केट में निवेश के लिए प्रेरित किया।

**महिला ने मीठी-मीठी और इमोशनल बातें कर फंसाया :** करंट क्राइम। उनके बारे में सब कुछ जानने के बाद महिला ने कंपनी के डायरेक्वटर से मीठी- मीठी और इमोशनल बातें कर फंसाया। फिर उसके कहने पर टेलिग्राम के एक ग्रुप को ज्वाइन कर लिया।

# बीमारी से जूझ रहे वृद्ध ने पुलिस उपायुक्त को दिया शिकायती पत्र

**लोनी, करंट क्राइम।** शनिवार को कई महीनों से गंभीर बीमारियों से झूझ रहा बृद्ध ने पुलिस उपायुक्त को शिकायत पत्र दिया है जिसमें पीड़ित ने उल्लेख किया है कि उसकी गढी कटैया के सामने रामफल बाटिका के पास उसकी छोटी सी परचून की दुकान है एक वर्ष पूर्व खुसहाल पार्क की रहने वाली एक महिला दुकान पर आती जाती थी उसने बताया कि 15 लोगों का संगठन बनाकर कमेटी चलाती है पीड़ित भी उसके कहने पर कमेटी का मेम्बर बन गया और कमेटी का प्रथम माह में जो भी शेयर आया वो जमा कर दिया।

शिकायत पत्र में पीड़ित रमेश शर्मा ने यह भी दशार्या है और आरोप भी लगाया है कि ब्याज के बीस हजार रुपए दे भी दिए हैं लेकिन 40000 रुपए की मांग कर रही है तथा मांनसिक रुप से प्रताड़ित कर रही है एक सप्ताह पूर्व दुकान में आकर बेज्जती कर दुकान मे जबरन ताला लगाकर चावी लेकर चली गई।

२२पीड़ित ने लोनी अंकुर विहार थाने की चौकी खन्नानगर चौकी के इंचार्ज से अपनी प्रताड़ना की जानकारी दी तो पुलिस ने महिला से दुकान की चावी वापस करा दी लेकिन महिला अभी भी रमेश से रुपए देने का दवाव बना रही है रमेश का आरोप है कि अगर महिला की बजह से मांनसिक संतुलन से मेरी मौत हो गई तो इसकी जिम्मेदार महिला होगी लेकिन पुलिस उपायुक्त ने अंकुर विहार थाना प्रभारी को कार्रवाई करने के शख्त निर्देश दिए हैं। रमेश का आरोप यह भी है कि महिला ने धमकी दी है कि उसे और जानकारों को किसी झूठे मुकदमें फंसाकर जेल भिजवाएगी।

# भागीरथ पब्लिक स्कूल में स्ट्रीम काउंसलिंग सत्र का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर के संजय नगर सेक्टर- 23 स्थित भागीरथ पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष स्ट्रीम काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके करियर के प्रति जागरूक करना तथा विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी (आट्र्स) जैसे विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में सिम्मी खन्ना ने विद्यार्थियों के प्रति अपने सम्बोधन में सही स्ट्रीम चयन के महत्व पर प्रकाश डाला।

साइंस स्ट्रीम के लिए गौरव शर्मा, कॉमर्स स्ट्रीम के लिए श्री मोहित शर्मा तथा आट्र्स स्ट्रीम के लिए श्रीमती नीतू त्यागी व कुमारी शिवानी यादव ने बच्चों की शंकाओं का समाधान किया।



विद्यालय प्रबंधक अनादि सुकुल ने अपने संबोधन में कहा, कुछ छात्र थ्योरी में अच्छे होते हैं तो कुछ छात्र प्रैक्टिकल में। जो आपको पसंद हो उसे चुने और यह भी ध्यान रखें की हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के कई रास्ते होते हैं, समाज या दोस्तों के दबाव में आकर फैसला ना ले। विद्यालय के निदेशक अमिताभ सुकुल ने कहा, हर छात्र को भविष्य की ओर बढ़ने के लिए पहला कदम सही होना चाहिए, क्योंकि जीवन में रिवर्स गियर की कोई संभावना नहीं होती।

# साथी को पिलाई दो तरह की शराब: खाना बनाने को लेकर हुआ था आपस में विवाद

## पुलिस को बताया- पढ़ा था ऐसे हो सकती है मौत



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना खोड़ा क्षेत्र में एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। मधु विहार में किराए के कमरे में साथ रहने वाले दो दोस्तों में से एक की हत्या दूसरे ने कर दी। पुलिस ने आरोपी सुधीर शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक नेतराम शर्मा और आरोपी सुधीर शर्मा दोनों फरुर्खाबाद के रहने वाले थे। दोनों काम की तलाश में गाजियाबाद आए थे। नेतराम होटल से खाना मंगवाता था, जबकि सुधीर कमरे में खाना बनाता था। नेतराम इस बात को लेकर अक्सर विवाद करता था कि कमरे में खाना बनाने से गर्मी होती है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के अनुसार, 21 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि एक मकान से तेज दुर्गंध आ रही है। जांच में वहां से नेतराम का शव बरामद हुआ। मकान का ताला बाहर से बंद था और सुधीर फरार था। पूछताछ में पता चला कि सुधीर ने कहीं पढ़ा था कि दो तरह की शराब पीने से मौत हो सकती है। नेतराम के शराब पीकर गाली देने से परेशान सुधीर ने उसे देशी और अंग्रेजी शराब पिलाई। इसके बाद मकान में ताला लगाकर फरार हो गया। पुलिस ने 29 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# नोएडा में पति-पत्नी ने मॉडल्स के न्यूड वीडियो शूट किए

**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा का एक शानदार बंगला...अंदर स्टूडियो, जहां मॉडल्स का न्यूड वीडियो शूट होता था। एऊकी टीम ने 28 मार्च को सेक्टर-105 के बंगले में छापा मारा, तो ऑनलाइन पोर्नोग्राफी रैकेट का पता चला। पूछताछ में सामने आया कि पति-पत्नी सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर मॉडल्स की भर्ती करते। फिर उनका लाइव कैम पर अश्लील वीडियो शूट करके विदेशी पोर्न वेबसाइटों पर अपलोड कर देते थे। इसके एवज में उन्हें मोटी रकम मिलती थी। जिसका करीब 25 प्रतिशत मॉडल्स को देते थे। पति-पत्नी 500 से ज्यादा मॉडल्स को हायर कर करीब 22 करोड़ कमा चुके हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को 22 करोड़ रुपए की फॉरेन फंडिंग का पता चला था। इसका पता लगाते हुए एऊइस बंगले तक पहुंची। टीम ने जब यहां छापेमारी की तो ऑनलाइन पोर्नोग्राफी रैकेट का खुलासा हुआ। बंगला उज्जवल किशोर का है।

उन्होंने 5 साल पहले अपनी पत्नी नीलू श्रीवास्तव के साथ मिलकर 'सब-डिजी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड' नाम की कंपनी बनाई थी। कंपनी के डायरेक्टर उज्जवल हैं। पति-पत्नी घर से ही कारोबार की आड़ में एडल्ट वेबकैम स्टूडियो चला रहे थे।

# सोशल मीडिया पर अवैध हथियार दिखाकर रील बनाई युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ रील बनाने के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जावली गांव निवासी निशु कसाना के रूप में हुई है। थाना टीला मोड़ की चौकी रिस्तल के प्रभारी धर्मेंद्र सिंह को सोशल मीडिया पर एक वीडियो मिला। इस वीडियो में निशु राइफल के साथ पोज दे रहा था। जांच में पता चला कि आरोपी के पास कोई वैध शस्त्र लाइसेंस नहीं है। पुलिस के अनुसार, निशु का आपराधिक इतिहास रहा है और उस पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। वह इस वीडियो के जरिए समाज में दहशत फैलाना चाहता था। वीडियो में दिखाई गई राइफल किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस ने निशु कसाना के साथ-साथ राइफल के लाइसेंस धारक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि राइफल किसके नाम पर पंजीकृत है। बिना वैध लाइसेंस के हथियार के साथ फोटो या वीडियो बनाना अपराध की श्रेणी में आता है।

# हापुड़ में 10 हजार की रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

## विजिलेंस की टीम ने कलेक्ट्रेट से पकड़ा, घबराहट में बीपी बढ़ने से अस्पताल में भर्ती

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में विजिलेंस विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चकबंदी लेखपाल को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर से पकड़े गए लेखपाल नरेंद्र को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। विजिलेंस टीम को पहले से शिकायत मिली थी कि लेखपाल नरेंद्र रिश्वत की मांग कर रहा है। इस शिकायत के बाद टीम ने जाल बिछाया और कार्रवाई की।



गिरफ्तारी के बाद जब टीम उसे गढ़ रोड स्थित सरकारी अस्पताल ले गई, तो वह काफी घबराया हुआ था। लेखपाल अपना मुंह छिपाने की कोशिश कर रहा था। घबराहट के कारण उसका रक्तचाप बढ़ गया।

डॉक्टरों ने उसकी जांच के बाद भर्ती कर लिया। सीएचसी में उसका इलाज चल रहा है। विजिलेंस विभाग मामले की जांच कर रहा है।

# हिंदू नववर्ष प्रतिपदा से पूर्व 'अपनापन रसोई सेवा' का किया गया आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री हनुमंत रसोई सेवा शनिवार को विधिवत घंटाघर स्थित हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई। अपनापन फाउंडेशन में पड़कर निरंतर रसोई सेवा करने वाली सरिता यादव द्वारा रसोई सेवा का शुभारंभ किया गया। रसोई सेवा में पंडित अमरदत्त शर्मा, अशोक गोयल, रमेश खजांची, सुदेश रानी, सरिता यादव, अशोक कुमार शर्मा, सागर शर्मा एवं अनीता कश्यप ने सहयोग किया।




अपनापन फाउंडेशन हृदय से आभार व्यक्त करता है। अगली रसोई सेवा 8 अप्रैल मंगलवार को होगी। श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष में रसोई सेवा 13 अप्रैल को संपन्न होगी




## कमिश्नरेट में दो दिन रहेंगे महत्वपूर्ण

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अगले दो दिनों के लिए पुलिस के अधिकारियों और थाना प्रभारियों से लेकर एसीपी स्तर के अधिकारियों को बेहद अलर्ट रहना होगा। रविवार को जहां हिंदू नव वर्ष नवरात्रि की शुरूआत हो रही है। तो वहीं सोमवार को ईद का त्यौहार है। दोनों ही आयोजनों को लेकर पुलिस को बेहद अलर्ट रहने की आवश्यकता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक जोन के साहब का मामला थोड़ा टाइट चल रहा है। यही वजह है कि वह इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट के सबसे हाइलाइटेड और टीआरपी वाले मामले से बेहद साइड रहे हैं। उधर सुनने में तो यह आया था कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में भी जोन वाले अधिकारियों को लेकर कुछ प्लान हुआ था, पर प्लान परवान नहीं चढ़ पाया है। अब इसकी वजह क्या रही, इसकी भी चर्चा हो रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जिस तरीके से अगले दो दिनों को लेकर तैयारी हो रही है, उसका सिटी के एक सर्किल में अजब ही मामला सुनने में आ रहा है। बताया जा रहा है कि पीस वाली दुकानों के साथ ही आमलेट वाली ठेली पर भी डंडा चला




है। बताया जा रहा है चौकी वाले प्रभारी ने कई के पर्चे पटवा दिए, तो कई बीट वालों को ड्यूटी बांट दी गई है कि एक भी ठेली नजर नहीं आनी चाहिए। वही सबसे ज्यादा टेंशन में उस क्षेत्र का चौकी प्रभारी है, जहां इस त्यौहार का सबसे ज्यादा जोश, शोर और जश्न होने वाला है। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अगले दो दिनों में पुलिस कमिश्नरेट का मूवमेंट क्या रहता है। किस तरीके से वह शिकायतों पर संज्ञान लेती है। तो वही पिंक सर्किल वाली महिला अधिकारियों को भी सुबह से लेकर रात तक अलर्ट रहना होगा। इसे छुट्टी वाला डे मान कर वह अपना टाइम न निकालने में लग जाएं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों एक सर्किल 151 वाली कार्रवाई के लिए कुख्यात हो रहा है। बताया जा रहा है कि उनके आसपास के सर्किल वाले भी फोन करने से दूरी रखते हैं, कुल मिलाकर बीते कुछ समय से नदिया पार और देहात वाले जोन को लेकर कई जगह के मामले पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के लिए चुनौती पूर्ण बने हुए हैं। देखना होगा आने वाले दो दिनों के बाद क्या वहां के लिए कोई राइट वाली सूचना आती है या फाइट वाला सीन बना रहेगा।

# शवों के हिस्से दीवारों पर चिपके मिले, अजय के पिता बोले- बेटे का सिर बच जाता तो दवा से बचा लेता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार ... सुबह 5 बजकर 50 मिनट का समय रहा होगा। गाजियाबाद के भोजपुर क्षेत्र का दतेड़ी गांव। रबर फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ विस्फोट हुआ तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। बराबर के मुकीमपुर गांव में जैसे लोगों ने विस्फोट की आवाज सुनी तो योगेंद्र के घर में मानों मातम पसर गया। बायलर फटने आवाज इतनी तेज थी कि 4 किमी तक लोगों ने धमाके जैसी आवाज सुनी। योगेंद्र की पत्नी और भाभी लगा कि आज अनहोनी हो गई। गुरुवार शाम ही योगेंद्र रबड़ चढ़ाने की फैक्ट्री में ड्यूटी करने आया था। जैसे ही दतेड़ी और मुकीमपुर गांव के लोग मौके की तरफ दौड़े तो शवों के चीथड़े बिखरे पड़े थे। किसी का सिर धड़ से अलग था, तो किसी के शरीर का दूसरा भाग नहीं। तीन शव इधर उधर बिखरे थे, जबकि चौथा युवक घायल था।



## गाजियाबाद की सीमा का यह आखिरी गांव

**करंट क्राइम।** दतेड़ी गांव गाजियाबाद जिले में भोजपुर की तरफ जिले की सीमा का आखिरी गांव है। इसके बाद हापुड़ जिले के पिलखुआ की सीमा शुरू हो जाती है। दिल्ली- लखनऊ हाईवे पर हापुड़ के पिलखुआ से इस गांव की दूरी 4 किमी है। गांव के बाहर जंगल में मोदीनगर निवासी अवनीश की 8 बीघा जमीन पर फैक्ट्री है। इसमें लोहे के पाइपों पर रबड़ चढ़ाने का काम होता है। फैक्ट्री के आधे भाग में 30 फीट ऊंची टीनशेड है। सामने के हिस्से में खाली पड़ा मैदान है। इस फैक्ट्री में करीब 25 मजदूर काम करते हैं। गाजियाबाद के अलावा यहां मोदीनगर, बुलंदशहर और आसपास के मजदूर काम करते हैं। काम की 2 शिफ्ट रहती हैं। शुक्रवार सुबह 8 बजे शिफ्ट खत्म होनी थी, उससे पहले ही बायलर फटने से विस्फोट में 3 मजूदरों की मौत हो गई। जबकि चौथे की हालत गंभीर है।

## विस्फोट सुनते ही लगा कि आज सत्यानाश हो गया

**करंट क्राइम।** दतेड़ी गांव से 1500 मीटर की दूरी पर मुकीमपुर गांव है। हादसे में 40 साल के योगेंद्र की भी मौत हुई है। योगेंद्र की भाभी प्रीति ने बताया कि सुबह मैं चाय बनाने के रसोई में जा रही थी। तभी धमाके की आवाज आई, पता नहीं क्या लगा मेरे तो प्राण ही निकल गया। आवाज निकली कि आज तो भाई साहब की जान चली गई। प्रीति ने बताया कि इतने में गांव में शोर मचा कि दतेड़ी की फैक्ट्री में विस्फोट हुआ है। जिसके बाद गांव के लोग आनन फानन में दौड़ पड़े।

## घर में बजनी थी शहनाई, मौत से मातम

**करंट क्राइम।** बुलंदशहर के जहांगीपुर निवासी 22 साल का अवधेश भी इस फैक्ट्री में काम करता था। जबकि छोटा भाई बादल भी साथ में काम करता था। अवधेश की बुआ जसोदा ने बताया कि दोनों भाई मोदीनगर में मेरे पास ही रह जाते थे। गुरुवार शाम अवधेश जब फैक्ट्री के लिए चलने लगा तो बादल ने मना कर दिया कि आज मेरा मन नहीं है। फैक्ट्री से फोन भी आया कि 3 दिन अधिक काम है, लेकिन बादल नहीं गया। अवधेश की शादी तय हो चुकी थी। जिसकी नवरात्रि में अप्रैल की शादी की तारीख फिक्स होनी थी। परिवार में खुशी का माहौल था, कि अगले माह अवधेश की शादी है। लेकिन क्या पता था कि मौत से पूरा परिवार टूट जाएगा। परिजनों का रोते बिलखते हुए बुरा हाल था। परिवार का कहना है कि गनीमत रही कि छोटे भाई बादल ने जाने से मना कर दिया, नहीं तो वह भी नहीं बचता।

## बेटे का सिर बच जाता तो दवाइयों से बचा लेता

**करंट क्राइम।** अनुज के शव के पास पिता प्रेमराज बिलखते रहे। कभी एक हाथ पकड़ते तो कभी शव से लिपटकर रोने लगते। पिता ने कहा कि कंपनी में नौकरी करने के लिए भेजा था, यह नहीं पता था कि यह जान ले लेगी। इसका मालिक आकर नहीं झांका, उसके तो हाथ और पैर कलम कर देने चाहिए। जिससे वह तड़पता रहा। तीन तीन लोगों की जान ले ली। पिता ने बिलखते हुए कहा कि सिर नहीं है, मुंह नहीं है। मैं अपने बेटे को कैसे प्यार करूंगा। यदि सिर होता तो मैं अपने पास सुलाए करता। भले ही मर जाता, पर सिर तो बच जाता। बहुत दवाई आ रही हैं कि उनसे बचा लेता। अब सिर नहीं है तो मैं कैस सुलाउंगा। फैक्ट्री मालिक के लिए कहा कि इसे तड़पता छोड़ दो, तू कंपनी का मालिक है.. जैस सऊदी में होती है। कोई पुलिस केस नहीं होता। हाथ पैर कलम कर दिए और छुट्टी।

# म्यांमार में भूकंप से मरने वालों की संख्या 1002 हुई 2376 घायल, भारत ने शुरू किया ऑपरेशन ब्रह्मा





**म्यांमार :** म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार(28 मार्च) को आए भूकंप ने भयंकर तबाही मचाई है। अकेले म्यांमार में भूकंप में 1002 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सैंकड़ों लोग लापता बताए जा रहे हैं। वहीं इस भूकंप में अभी तक 2300 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। 30 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। राहत-बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। उधर थाईलैंड में करीब 10 लोगों की भूकंप से मौत हुई है। अचानक आई इस आपदा के बाद म्यांमार ने आपातकाल लगा दिया गया है। इस भयंकर भूकंप का असर सिर्फ म्यांमार पर ही नहीं बल्कि आसपास के देशों में देखने को मिला है। भूकंप का भारत, चीन नेपाल समेत पांच देशों में देखने को मिला है। भूकंप से प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए भारत ने ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत राहत सामग्री भेजी है।

वायुसेना का विमान सी-130 जे करीब 15 टन राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंच गया है।

**भारत समेत पांच देशों में भूकंप के झटके महसूस हुए :** म्यांमार के अलावा थाईलैंड, चीन, नेपाल और भारत में भूकंप के झटके महसूस किए गए। वहीं शनिवार रात में भी म्यांमार और अफगानिस्तान में फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए। सुबह करीब 5 बजकर 16 मिनट पर अफगानिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.7 रही। समाचार एजेंसी एएफपी ने म्यांमार की सेना (जुंटा) के हवाले से बताया है कि भूकंप में अबतक 694 लोगों की मौत हुई है, जबकि 1,670 घायल हुए हैं।

### यूएसजीएस का दावा-1000 लोगों की मौत

वहीं अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण(यूएसजीएस) का अनुमान है कि मरने वालों की संख्या 1,000 से अधिक हो सकती है। अस्पतालों में खून की भारी किल्लत की खबरें मिल रही हैं। म्यांमार में राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी हैं, लेकिन हर तरफ मलबे का ढेर, टूटी सड़कें, और ढही इमारतें नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि, अस्पतालों में घायलों की तादाद भी हजारों में है।

### म्यांमार में भूकंप का 16वां झटका, अब 4.7 तीव्रता का भूकंप



**म्यांमार:** म्यांमार में एक बार फिर भूकंप के तेज झटकों ने लोगों को डराया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब 2.50 बजे भूकंप का 16वां झटका लगा। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी गई। प्रभावित इलाकों में मदद और राहत-बचाव कार्य के लिए भारत से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (ठऊफ्रऋ) की टीम को भेजा गया है। बता दें कि शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे म्यामांर में भूकंप का पहला झटका महसूस किया गया था। इसके बाद 24 घंटे से भी कम समय में भूकंप के 15 झटके महसूस किए गए। इससे पहले शनिवार सुबह 11.54 बजे यहां एक बार फिर धरती कांपी। 24 घंटे में 15वीं बार लोगों को भूकंप के झटके महसूस हुए। इस बार यहां भूकंप की तीव्रता 4.3 रही। शुक्रवार से अब तक अकेले म्यांमार में भूकंप में 1002 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## रक्षा मंत्री महिलाओं के युद्धक्षेत्र में जाने के खिलाफ फिटनेस और सैन्य नियमों में समीक्षा की पहल



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना में लड़ाई के लिए जरूरी फिटनेस और शारीरिक बनावट के नियमों की समीक्षा करने का फैसला किया है। इससे अलग-अलग सेनाओं (थल, जल, वायु) के नियमों में अंतर को लेकर बहस शुरू हो सकती है। सवाल यह है कि क्या सभी के लिए एक जैसे नियम होने चाहिए या फिर भर्ती और समाज के बदलते नियमों के हिसाब से बदलाव होने चाहिए

### महिलाओं के युद्ध क्षेत्र में जाने के विरोधी हेगसेथ

बता दें कि पूर्व सैन्य अधिकारी पीट हेगसेथ महिलाओं के युद्ध क्षेत्र में जाने के खिलाफ रहे हैं। उनका मानना है कि महिलाओं को शामिल करने के लिए सेना के फिटनेस मानकों को आसान बनाया गया। वह चाहते हैं कि पुरुष और महिलाएं दोनों के लिए एक ही तरह के सख्त नियम लागू किए जाएं। रक्षा विभाग इस पर समीक्षा कर रहा है और आगे बदलाव किए जा सकते हैं। अमेरिकी सेना को और मजबूत करने पर जोर बीते 12 मार्च को भेजे गए एक ज्ञापन में हेगसेथ ने इस मामले में इरादे पूरी तरह से साफ कर दिए। उन्होंने कहा कि सेना के शारीरिक फिटनेस, शरीर की संरचना से जुड़े सभी मानकों पर जानकारी इकट्ठा की जाए, जिसमें दाढ़ी भी शामिल हो, लेकिन केवल दाढ़ी तक ही सीमित नहीं। उनका कहना था कि हमें ऐसे मानक बनाए रखने चाहिए जो हमारी सेना को मजबूत बनाए रखें, ताकि सेना दुनिया की सबसे प्रभावी लड़ाकू सेना बनी रहे। सेना के फ्रंटलाइन में काम करने वाली महिलाओं के लिए चिंता देखा जाए तो हेगसेथ की ये समीक्षा खासकर उन महिलाओं के लिए चिंता का कारण है जो फ्रंटलाइन पर वर्षों से काम कर रही हैं। ज्ञापन में 2015 के बाद हुए मानक परिवर्तनों की समीक्षा की गई है, जब महिलाओं के लिए सेना के सभी विभाग में नौकरियां खोल दी गई थी।

हालांकि रक्षा मंत्री हेगसेथ के सेना का समीक्षा करने के इस फैसले के बाद सवाल ये खड़ा हो रहा है कि क्या सभी सैन्य परीक्षणों को समान बनाया जाएगा या फिर लिंग और उम्र के आधार पर अलग-अलग मानक बनाए जाएंगे। गौरतलब है कि अमेरिका में अभी के नियमों के अनुसार उम्र और लिंग के आधार पर फिटनेस परीक्षणों को नंबर दिया जाता है।

## हिंसा भड़काने के पीछे पूर्व राजा ज्ञानेंद्र का हाथ प्रचंड बोले- अब समय आ गया है, कड़ी कार्रवाई हो



**काठमांडू ।** नेपाल में शुक्रवार को राजशाही बहाली की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए। इस दौरान जमकर बवाल हुआ। अब नेपाल के पूर्व पीएम पुष्प कमल दहल ने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। पूर्व पीएम ने ज्ञानेंद्र शाह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुष्प कमल दहल प्रचंड ने शनिवार की सुबह हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। इस दौरान वे सोशलिस्ट फ्रंट के कार्यालय भी पहुंचे, जिसे हिंसा के दौरान नुकसान पहुंचाया गया। **पूर्व पीएम ने नेपाल के पूर्व राजा पर लगाए गंभीर आरोप :** पूर्व पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड ने कहा कि 'अब ये पूरी तरह से साफ हो गया है कि इस सब के पीछे ज्ञानेंद्र शाह हैं। ज्ञानेंद्र शाह की नीयत सही नहीं है। ये पहले भी देखा गया और अब भी देखा जा रहा है, लेकिन अब समय आ गया है कि सरकार कड़ी कार्रवाई करे। घटना की पूरी जांच हो और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। ज्ञानेंद्र शाह को अब पूरी आजादी नहीं दी जा सकती। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और नेपाल सरकार को इस मुद्दे पर गंभीर होने की जरूरत है।'

शुक्रवार को नेपाल में हुई हिंसा में दो लोगों की मौत हुई है, जिनमें से एक प्रदर्शनकारी और एक पत्रकार शामिल है। हिंसा इस कदर नियंत्रण से बाहर हो गई थी कि हिंसा प्रभावित इलाकों में कर्फ्यू लगाना पड़ा और सेना की तैनाती करनी पड़ी। हिंसा के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को 17 लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें राजशाही समर्थक राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष रबिंद्र मिश्रा, महासचिव धवल शमशेर राना, राजशाही समर्थक कार्यकर्ता स्वागत नेपाल और संतोष तमांग आदि शामिल हैं। इन लोगों पर हिंसा भड़काने का आरोप है। कई नेताओं को नजरबंद किया गया है। अब तक हिंसा के मामले में कुल 51 लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

राजशाही की वापसी की मांग को लेकर किए जा रहे आंदोलन का नेतृत्व नवराज सुवेदी कर रहे हैं। वे राज संस्था पुनर्स्थापना आंदोलन से जुड़े हैं। राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी भी इस आंदोलन का समर्थन कर रही है। आंदोलनकारियों का दावा है कि संवैधानिक राजशाही हिंदू राष्ट्र की बहाली ही देश की समस्याओं का समाधान है।

## चीन में अच्छा दोस्त देखना हमारे लिए अहम मोहम्मद यूनुस बोले- रिश्ते और बेहतर होने की आस



**बीजिंग ।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को अपनी चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर कहा कि उनके देश के लिए चीन को एक अच्छे मित्र के रूप में देखना ह्यमहत्वपूर्णह्ण है और उन्हें उम्मीद है कि ढाका और बीजिंग के बीच संबंध एक नए चरण में प्रगति करेंगे। मोहम्मद यूनुस ने आगे कहा कि, 'हमारा रिश्ता वर्षों से बहुत मजबूत रहा है। हमारा व्यापारिक सहयोग अच्छा है और हम चीन के साथ साझेदारी से लाभान्वित हो रहे हैं।'

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए चीन से अधिक निवेश की मांग की। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है। मोहम्मद यूनुस और शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें आर्थिक और तकनीकी सहयोग, संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में साझेदारी, जल संसाधन प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण में सहयोग शामिल है।

इसके अलावा, तीस्ता नदी प्रबंधन परियोजना में चीनी कंपनियों के शामिल होने का भी स्वागत किया गया। बता दें कि, पहले की शेख हसीना सरकार इस परियोजना को भारत के सहयोग से पूरा करना चाहती थी, लेकिन अब चीन इसमें भूमिका निभाने को तैयार है।

### बांग्लादेश में चीनी निवेश और मेडिकल टूरिज्म

मौजूदा समय में एक हजार से अधिक चीनी कंपनियां बांग्लादेश में काम कर रही हैं। चीन से बांग्लादेश का आयात लगातार बढ़ रहा है। बांग्लादेश के कई मरीज इलाज के लिए भारत जाते हैं, लेकिन अब चीन इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। वहीं चटगांव से चीन के कुनमिंग शहर के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि बांग्लादेशी मरीज चीन में इलाज करा सकें।

## जेडी वेंस बोले- ग्रीनलैंड की सुरक्षा में डेनमार्क ने किया कम निवेश



**नूक ग्रीनलैंड ।** अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने शुक्रवार को डेनमार्क पर आरोप लगाया कि वह ग्रीन की सुरक्षा में 'कम निवेश' कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर डेनमार्क को अपना दृष्टिकोण बदलना चाहिए। वेंस का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण में लेने की बात कह रहे हैं। वेंस ने यह बयान उस समय दिया, जब वे खनिज संसाधनों से भरपूर और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ग्रीनलैंड में पिटुफिक अंतरिक्ष बेस पर अमेरिकी सैनिकों से मिलने पहुंचे। अमेरिकी उप राष्ट्रपति ने आगे कहा, 'डेनमार्क के लिए हमारा संदेश साफ है- आपने ग्रीनलैंड के लोगों के लिए अच्छा काम नहीं किया है। आपने ग्रीनलैंड के लोगों और इसकी सुरक्षा व्यवस्था में पर्याप्त निवेश हीं किया है। यह खूबसूरत भूमि और इसके अद्भुत लोग इससे बेहतर के हकदार हैं। यह स्थिति अब बदलनी होगी।' 'अमेरिका के पास दूसरा कोई विकल्प नहीं' उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिका के पास ग्रीनलैंड की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने ग्रीनलैंड को डेनमार्क से स्वतंत्र होने के लिए प्रोत्साहित किया। वेंस ने कहा, 'मुझे लगता है कि वे (ग्रीनलैंड के लोग) आखिरकार अमेरिका के साथ साझेदारी करेंगे।

## एलन मस्क के खिलाफ विस्कोंसिन अटॉर्नी ने किया मुकदमा



**वॉशिंगटन ।** विस्कोंसिन के डेमोक्रेट अटॉर्नी जनरल ने अरबपति कारोबारी एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। यह मुकदमा एलन मस्क द्वारा विस्कोंसिन के मतदाताओं को 10 लाख डॉलर इनाम देने से रोकने के लिए दायर किया गया है। एलन मस्क ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर सुप्रीम कोर्ट जज के लिए मतदान कर चुके दो भाग्यशाली मतदाताओं को 10-10 लाख डॉलर देने का एलान किया था। अब अटॉर्नी जनरल जोश कोल ने डेन काउंटी सर्किट कोर्ट में मस्क के खिलाफ मुकदमा दायर किया है ताकि मस्क यह भुगतान न कर सकें।

एलन मस्क ने गुरुवार को पोस्ट में लिखा था कि वे रविवार को विस्कोंसिन में रैली करेंगी और उसमें मतदान कर चुके दो भाग्यशाली लोगों को 10-10 लाख डॉलर देंगे। ये पैसे बतौर प्रोत्साहन राशि दिए जाएंगे। हालांकि मस्क की इस पोस्ट पर विवाद हो गया है। लोगों का कहना है कि मस्क का यह एलान विस्कोंसिन के मतदान कानूनों का उल्लंघन है। दरअसल विस्कोंसिन में मतदान के बदले मतदाताओं को पैसे या तोहफा देना कानूनी तौर पर प्रतिबंधित है। विवाद के बाद मस्क ने भी अपनी पोस्ट को डिलीट कर लिया है।

बता दें कि विस्कोंसिन में सुप्रीम कोर्ट जज के लिए मतदान होना है। यह चुनाव तय करेगा कि विस्कोंसिन में अदालत पर वैचारिक नियंत्रण किस पार्टी का होगा। चुनाव में रूढ़िवादी उम्मीदवार ब्रैड शिमेल और उदारवादी सूसन क्राफोर्ड के बीच है। शिमेल का समर्थन राष्ट्रपति ट्रंप कर रहे हैं और क्राफोर्ड के समर्थन में पूर्व राष्ट्रपति और डेमोक्रेट नेता बराक ओबामा हैं। यही वजह है कि विस्कोंसिन के चुनाव पर पूरे देश की निगाहें हैं। सरकार के गर्भपात कानून, मतदान कानून और 2028 के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर लाए गए प्रस्तावों के लिहाज से ये चुनाव अहम है।

## गिनी के पूर्व तानाशाह कैमारा को मिली माफी, 2009 के नरसंहार के लिए काट रहे थे 20 साल की सजा



**डकार सेनेगन ।** गिनी के सत्तारूढ़ जुंटा ने पूर्व तानाशाह मूसा 'दादिस' कैमारा को माफ कर दिया है। वे 2009 में सेना द्वारा किए गए स्टेडियम नरसंहार के लिए 20 साल की सजा काट रहे थे। इस नरसंहार में कम से कम 157 लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया था। इस अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर जुलाई 2024 में कैमारा को सजा सुनाई गई थी।

एक बयान के अनुसार, तख्तापलट करने के एक साल बाद जब प्रदर्शनकारी स्टेडियम में राष्ट्रपति पद के लिए कैमारा की योजना का विरोध कर रहे थे, तब सैनिकों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। उस समय जुंटा ने कहा था कि सेना के 'अनियंत्रित' तत्वों ने दुष्कर्म और हत्याओं को अंजाम दिया। हालांकि, ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट में कहा गया है कि जब स्टेडियम में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई गईं, तब कैमारा के करीबी सहयोगी वहां मौजूद थे और उन्होंने इस नरसंहार को रोकने के लिए कुछ नहीं किया।

**महिलाओं को घसीटकर बाहर निकाला, कई दिनों तक किया सामूहिक दुष्कर्म :** गवाहों के अनुसार, नरसंहार के दौरान कई पीड़ितों को गोली मार दी गई। कुछ को चाकू घोंपकर मारा गया। इस दौरान कुछ महिलाएं छिप गईं, लेकिन उन्हें वहां से घसीटकर बाहर निकाला गया और सेना ने कई दिनों तक उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। नरसंहार से जिंदा बचे लोगों ने बताया कि कैमारा के राष्ट्रपति गार्ड ने स्टेडियम को घेर लिया और निकास द्वार को बंद कर दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की गई, जिससे वह बच नहीं पाए। पीड़ितों के परिवारों को शव लेने आने में कई दिन लगे। इतना ही नहीं, कई लोगों को उनके संबंधी कभी नहीं मिले। **कैमारा ने अदालत में कहा- नरसंहार के समय वह सो रहे थे :** नरसंहार के कुछ महीनों बाद, कैमारा निर्वासन में चले गए।

# पाकिस्तान ने अफगान नागरिकों को निकालने के लिए पूरी की तैयारी, 31 मार्च तक छोड़ना होगा देश

**इस्लामाबाद ।** बता दें कि इस बात का खुलासा पाकिस्तान में शुक्रवार को हुए एक उच्च स्तरीय बैठक में हुई, जिसकी अध्यक्षता गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने की।

### बैठक में अधिकारियों ने दी जानकारी

बैठक को लेकर पाकिस्तानी अधिकारियों ने बताया कि अफगान नागरिकों को हिरासत में लेने के लिए होल्डिंग सेंटर बनाए गए हैं, जहां भोजन और स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाएंगी। साथ ही गृह मंत्री ने कहा कि संघीय सरकार इस प्रक्रिया में प्रांतों के साथ पूरी तरह से समन्वय कर रही है। इसके अलावा, गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी ने प्रत्यावर्तन के दौरान किसी भी समस्या को हल करने के लिए प्रांतों का दौरा करने का निर्णय लिया है।



**घर-घर जागरूकता अभियान :** अधिकारियों ने यह भी बताया कि अफगान नागरिकों के प्रत्यावर्तन के बारे में घर-घर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और उनकी सूची तैयार कर ली गई है। 31 मार्च के बाद, पाकिस्तान में अवैध रूप से रहने वाले अफगान नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाएगी। जो लोग अवैध अफगानों को किराए पर जगह देंगे, उन्हें भी परिणाम भुगतने होंगे। इसके साथ ही तलाशी अभियान चलाए जाएंगे और अवैध अफगानों के बायोमेट्रिक रिकॉर्ड भी रखे जाएंगे।

**पाकिस्तान में बचे हुए अफगानी नागरिकों को वापस भेजने की तैयारी लगभग-लगभग पूरी हो चुकी है। इसकी जानकारी पाकिस्तानी सेना ने शुक्रवार को दी। सेना ने बयान जारी कर कहा कि उन्होंने अफगान नागरिकों को 31 मार्च तक की समयसीमा से पहले अफगनिस्तान भेजने की पूरी तैयारी कर ली है**

गौतरलब है कि बीते जनवरी 2024 को बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने अफगान नागरिकों के लिए एक फरमान जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि अफगानी नागरिकों को मार्च के अंत तक पाकिस्तान छोड़ना होगा। साथ ही पाकिस्तानी सरकार ने चेतावनी भी दी थी कि अगर अफगानी नागरिक ऐसा नहीं करते है तो उन्हें निर्वासन का सामाना करना पड़ेगा। इसके बाद बात जब समय सीमा बढ़ाने की हुई तो अफगान सरकार और मानवधिकार संगठन के अनुरोध के बावजूद पाकिस्तान सरकार ने समयसीमा नहीं बढ़ाई।

# नगर निगम ने अवकाश दिवस में 11 स्थानों पर लगाए हाउस टैक्स वसूली कैंप



## 1 अप्रैल से लगने वाले 12% ब्याज से बचने का अंतिम अवसर

## 30-31 मार्च को खुले रहेंगे जोनल कार्यालय

## लक्ष्य पूर्ति हेतु 2 दिन में निगम वसूलेगा 9 करोड़

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त के दिशा निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम टैक्स विभाग द्वारा लगातार हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाया जा रहा है जिसके क्रम में नगर आयुक्त द्वारा वित्तीय वर्ष के अंतिम दिवस 30 मार्च तथा 31 मार्च को जोनल कार्यालय हाउस टैक्स वसूली हेतु खोले जाने के निर्देश दिए हैं।

सभी जोनल कार्यालय रविवार अवकाश दिवस में भी खुले रहेंगे इसके अतिरिक्त करदाताओं की सहूलियत के लिए ही सभी जोन अंतर्गत हाउस टैक्स वसूली के कैंप भी लगाए जाएंगे, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया लक्ष्य पूर्ति के क्रम में 2 दिन के भीतर गाजियाबाद नगर निगम टैक्स विभाग द्वारा 9 करोड़ की वसूली की जाएगा।




मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के नेतृत्व में वसुंधरा जोन अंतर्गत शक्ति खंड तथा अभय खंड में हाउस टैक्स वसूली कैंप लगेंगे सिटी जोन अंतर्गत उदल नगर तथा मुकुंद नगर मैं हाउस टैक्स वसूली कैंप लगेंगे, विजयनगर जोन अंतर्गत मिजार्पुर डबल टंकी सेक्टर 12 गुलाबी टंकी सेक्टर 10 महागुणपुरम मास्क क्रॉसिंग रिपब्लिक में कैंप लगेंगे मोहन नगर जोन अंतर्गत वीरपाल डबास अर्थला में हाउस टैक्स कैंप लगेगा शहीद नगर वार्ड संख्या 90 सेंट्रल पार्क डीएलएफ में आवश्यक वसूली कैंप लगेगा। कवि नगर जोन अंतर्गत स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल गोविंदपुरम में हाउस टैक्स वसूली कैंप लगाया जाएगा। इसके अलावा कवि नगर जोन अंतर्गत टैक्स कलेक्शन की टीम डोर टू डोर टैक्स कलेक्शन भी करेगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स वसूली का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए निरंतर कार्यवाही की है जिसके क्रम में अवकाश दिवसों में भी गाजियाबाद नगर निगम हाउस टैक्स वसूली के लिए जोनल कार्यालय को खोल रखेगा तथा इसके अलावा टैक्स विभाग भी गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में खुला रहेगा सभी करदाताओं से नगर आयुक्त द्वारा 1 अप्रैल से पूर्व अपना हाउस टैक्स जमा करने की अपील की गई है, 31 मार्च के बाद गाजियाबाद नगर निगम टैक्स विभाग द्वारा बकाया हाउस टैक्स पर 12% का ब्याज भी वसूला जाएगा।

# टीबी मुक्त घोषित 24 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को किया गया सम्मानित

## सभी क्षय रोगियों को पोषण सहायता हेतु विभिन्न संस्थाओं ने लिया गोद : अभिनव गोपाल







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2024 में जनपद की टीबी मुक्त घोषित 24 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें निम्नलिखित ग्राम पंचायतों के प्रधानों द्वारा प्रतिभाग किया गया

डिडौली, बहादुरपुर, बन्दीपुर, फिरोजपुर, ग्यासपुर, मतौर ब्लॉक, ढिढ़ार, कुम्हेड़ा, शहजादपुर, सुराना, मकरेड़ा, दौसा, काजमपुर, चित्तौरा, नूरपुर, असदपुर नागल, मेवला भट्टी, मुर्तजाबाद भूपखेड़ी, भनेड़ा खुर्द, मेहमूदपुर, याकूतपुर मावी, भिक्कनपुर, शमशेर, मथुरापुर। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी दीप प्रज्ज्वलन एवं जिला क्षय रोग अधिकारी महोदय द्वारा स्वागत सम्बोधन में समस्त उपस्थित प्रधान गणों एवं सामाजिक संस्था प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए किया गया।

अपने सम्बोधन में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त टीबी मुक्त घोषित ग्राम पंचायतों के प्रधानों की प्रशंसा करते हुए अपेक्षा व्यक्त की गई कि उक्त सभी प्रधान अपने निकट की 5 पंचायतों को टीबी मुक्त होने के लिए प्रेरित करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी को बताया गया की जनपद में कुल 142 ग्राम पंचायतों के साथ साथ समस्त नगरीय इकाइयों को टीबी मुक्त करना जनपद प्रशाशन का उद्देश्य है जिसके लिए सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उनके द्वारा बताया गया की जनपद एवं राष्ट्र को टीबी मुक्त बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है की एक्टिव के साथ साथ लेटेंट टीबी पर भी ध्यान दिया जाये।

इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार यादव ने सभी प्रधानों को बधाई देने के साथ साथ समस्त सहयोगी संस्थाओं को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए टीबी मुक्त गाज़ियाबाद की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया एवं सभी निरंतर सहयोग बनाये रखने की अपील की गई। डॉ. अनिल यादव द्वारा बताया गया की जनपद में इस वर्ष के सभी क्षय रोगियों को पोषण सहायता हेतु विभिन्न संस्थाओं द्वारा गोद लिया जा चूका है। इसके साथ डॉ अनिल द्वारा टीपीटी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से इसके प्रति जागरूकता बढ़ने हेतु सहयोग माँगा गया। डॉ अनिल ने बताया की 100 दिवसीय विशेष टीबी खोज अभियान के अंतर्गत जनपद की कुल 6,24,797 आबादी को लक्षित किया गया था, लक्षित आबादी के सापेक्ष इस अभियान के अन्तर्गत कुल 7,97,869 लोगो की स्क्रीनिंग की गई जो की लक्ष्य के सापेक्ष 130% है। अभियान के अन्तर्गत कुल 10057 लोगो की नाट के माध्यम से जाँच की गई साथ ही 5875 लोगो की माइक्रोस्कोपी की गई एवं कुल 35130 व्यक्तियों की एक्स-रे के माध्यम से जाँच की गई। इस अभियान के दौरान कुल 6242 नए रोगी खोजे गए। 100 दिवसीय अभियान में जनपद के यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा इस अभियान हेतु एक मोबाइल एक्स रे वन उपलब्ध कराइ गई जिस के द्वारा जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में अनेक संभावित क्षय रोगियों को एक्स रेजाँच का लाभ उनके घर के नजदीक मिल सका। इस कार्य के लिए मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा यशोदा हॉस्पिटल की भूरी भूरी प्रशंशा की गई। डॉ अनिल यादव द्वारा बताया गया रहम फाउंडेशन की अमिता महेन्द्र द्वारा दूरस्थ क्षय रोगियों की एक्स रे जाँच हेतु एक पोर्टेबल मोबाइल एक्स रे मशीन क्षय रोग विभाग को दान की जा रही है। डॉ अमिता महेन्द्र के इस पवन कार्य हेतु डॉ अनिल यादव द्वारा उनको धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा इस प्रयास को अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय बताया गया।

समारोह में सामाजिक संस्थाओं एवं समाजसेवियों को उत्कृष्ट कार्य एवं सहयोग हेतु प्रशष्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाली संस्थाएं एवं समाज सेवियों के नाम इस प्रकार है। डॉ धीरज भार्गव (रहम फाउंडेशन), डॉ अमिता महेन्द्र (रहम फाउंडेशन), शुभाष गुप्ता (रेड क्रॉस सोसाइटी), काजल छिब्बर (साथी फाउंडेशन), सुनील शर्मा, रेडिको खेतान, यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी आदि। इस अवसर पर जिला क्षय रोग विभाग की तरफ से पीपीएम कोऑर्डिनेटर दीपाली गुप्ता, प्राणेश कुमार दुबे एस०टी०एस०, नीरज शर्मा एस०टी०एस०, शुभम कुमार एस०टी०एस० तथा राजे सिंह वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर संस्था से मोहम्मद आलम आदि उपस्थित रहे।

# डीएम दीपक मीणा की अध्यक्षता में हरनन्दीपुरम के क्रय दर निर्धारण हेतु बैठक आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना - हरनन्दीपुरम के क्रय दर निर्धारण हेतु बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना झ हरनन्दीपुरम के क्रय दर निर्धारण हेतु की गई बैठक में 4 गुना खरीद दर निर्धारित की गयी।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण नए शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जनपद वासियों के लिए आधुनिक आवासीय योजना लाने की तैयारी कर रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत हाल ही में शासन द्वारा प्रथम किस्त के रूप में रुपए 400 करोड़ की धनराशि निर्गत की गई थी। गत 5-6 माह से प्राधिकरण लगातार किसानों व भू-स्वामियों से कर की दर के संबंध में वार्ता कर रहा था। किसानों द्वारा अधिकतम धनराशि की मांग की गई थी तथा विकसित भूखंड देने हेतु भी प्राधिकरण के समक्ष शर्त रखी गई थी। इस योजना के तहत पूर्व में आठ राजस्व ग्राम चिन्हित किए गए थे, जिनमें से प्रथम चरण में पांच राजस्व ग्रामों – मथुरापुर, नगला फिरोजपुर, शमशेर, चंपत नगर और भनेड़ा खुर्द की भूमि खरीद का निर्णय लिया गया है।

### इस योजना से गाजियाबाद और दिल्ली एनसीआर के लोगों को होगा लाभ

करंट क्राइम। इस योजना से गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर के लोगों को सुलभ और आधुनिक आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्राधिकरण द्वारा विकसित किए जाने वाले भूखंडों में बेहतर बुनियादी ढांचे (सड़क, जल आपूर्ति, सीवरेज, पार्क, कम्युनिटी सेंटर आदि) की सुविधा मिलेगी। मकान निर्माण के लिए बेहतर वातावरण और सुव्यवस्थित आवासीय कॉलोनियों का निर्माण किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत क्रय की गई भूमि पर व्यावसायिक केंद्रों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य सेवाओं और मनोरंजन स्थलों के विकास की भी योजना बनाई गई है। किसानों और भू-स्वामियों को उनकी भूमि का उचित मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। योजना से नए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर के लोगों के लिए, जो विशेषकर अपना मकान बनाना चाहते हैं, यह योजना उनके सपनों को साकार करेगी।

बैठक में मुख्य रूप से जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स, जीडीए सचिव राजेश सिंह, एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, ओएसडी जीडीए गूंजा सिंह, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, एसडीएम लोनी राजेन्द्र सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बैठक में पुनरीक्षित सर्किल रेट के चार गुना में भूमि क्रय दर का हुआ निर्धारण

करंट क्राइम। जिलाधिकारी द्वारा 18 सितंबर 2024 को जनपद के सर्किल रेट का पुनरीक्षण किया गया था। आज दिनांक 29 मार्च 2025 को आयोजित बैठक में पुनरीक्षित सर्किल रेट के चार गुना में भूमि क्रय दर का निर्धारण किया गया है। भूमि खरीद की दर निर्धारित होने के उपरांत प्राधिकरण द्वारा अपने बोर्ड के माध्यम से भूमि खरीदने हेतु आने वाले व्यय का अनुमोदन लेते हुए अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी। प्राधिकरण एक समय सीमा निर्धारित करते हुए आपसी सहमति से बैनामा करा भूमि लेगा। यदि समय सीमा में भूमि नहीं मिल पाती है, तो अधिग्रहण की कार्यवाही की जाएगी।

# खोड़ा-मकनपुर मंडल में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का हुआ स्वागत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को खोड़ा-मकनपुर मंडल अध्यक्ष पंकज कुमार वाल्मीकि व पुष्पेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का बहुत ही भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान म्हणनगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि भाजपा हमेशा से जमीनी कार्यकताओं का सम्मान करती आई है। यही कारण है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। ओर कार्यकताओं का मनोबल ऊंचा हुआ। कार्यक्रम का मन संचालन युवा मोर्चा महानगर के कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन रीना भाटी, योगेश भाटी, चमन चौहान, देवेंद्र गिरी, बलबीर चौहान, मुकेश शर्मा, जयपाल पुंडीर, नागेंद्र चौहान, अवधेश यादव, बबल यादव, सतीश गुप्ता, बीएस तोमर, संजीव गिरी, होती लाल चौहान, राजकुमार, शोभा चौधरी, रंजीत पांडे, संजय त्यागी राजवीर चंदेलिया, रोहित मिश्रा, राकेश पाल, नरेश पाल, डा आजाद, सतीश मिश्रा, अब्दुल सत्तार, प्रवीण सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने एसडीएम लोनी को पत्र लिखा

## लोनी में मांस की दुकानें, मांसाहारी होटल व कट्टी घरों का बन्द किया जाना करें सुनिश्चित



### एयरक्राफ्ट अधिनियम और चैत्र नवरात्रि के मद्दनेजर शांति और सौहार्द के लिए बताया जरूरी

**लोनी, करंट क्राइम।** शनिवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने एसडीएम को पत्र लिखकर लोनी में संचालित मांस की दुकान, मांसाहारी होटल कट्टी घर को तत्काल बन्द करने को कहा है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पत्र में एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस, और चैत्र नवरात्रि में शांति और सौहार्द का हवाला दिया है।

आपको अवगत कराना है कि लोनी विधानसभा हिंडन एयरपोर्ट के नजदीक होने के कारण एयरक्राफ्ट अधिनियम के अंतर्गत आता है इसलिए यहां मास की दुकान, मांसाहारी होटल, हड्डी एकत्र करना कट्टी घर, बूचड़खाना आदि राष्ट्र की सुरक्षा को देखते हुए प्रतिबंधित है।




उक्त संस्थानों को बंद कराने के लिए स्पष्ट शासनादेश के क्रम में आपके द्वारा अधिकतर मास की दुकान, मांसाहारी होटल, हड्डी एकत्र करना कट्टी घर, बूचड़खाना आदि बंद करवा दिए गए है लेकिन कुछ स्थानो पर चोरी-छिपे उक्त कार्य किए जाने की सूचना प्राप्त हो रही है जोकि ठी नहीं है। अधिनियम व चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत व्रतधारियों का व्रत खंडित न हो और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बना रहे, को भी ध्यान में रखते हुए उक्त प्रतिष्ठानों को बंद कराया जाना नितांत आवश्यक है। साथ ही नगरपालिका द्वारा पवित्र नवरात्रि के दृष्टिगत लोनी के सभी मंदिरों व आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

अतः एयरक्राफ्ट अधिनियम का उल्लंघन कर कोई भी व्यक्ति हड्डी एकत्र करना, कट्टी घर, बूचड़खाना संचालित करता है तो ऐसे कार्यवाही सुनिश्चित करें जिससे लोनी को सुंदर व दुर्गंध मुक्त किया जा सकें। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नवरात्रि के मद्देनजर मंदिरों के आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा है।

# सहारनपुर में दिनेश कुमार गोयल ने विद्युत विभाग की मीटिंग





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को सहारनुपर सर्किट हाउस सभागार में दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जॉच समिति की अध्यक्षता में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात समिति के सदस्यों के साथ व मनीष बंसल जिलाधिकारी सहारनपुर, एस एस पी सहारनपुर एवं जिला सहारनपुर से विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद सहारनपुर के विद्युत विभाग से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा बैठक की। सभापति दिनेश कुमार गोयल जी ने कहा कि जब विद्युत विभाग द्वारा एक मुश्त समाधान योजना या अन्य कोई महत्वपूर्ण योजनाएं शासन के आदेशानुसार चलायी जाती है तो उसका व्यापक प्रचार प्रसार होना चाहिए जिससे आम जनमानस अधिक से अधिक उसका लाभ ले सकें। सहारनपुर पहुंचने पर सभापति दिनेश गोयल का जगह जगह पार्टी के कार्यकताओं ने फूल माला व पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मीटिग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, जितेंद्र सिंह सैंगर सदस्यगण विधान परिषद व विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

# शराब की बोतल पर एक फ्री पर आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रदेश सरकार द्वारा शराब बिक्री पर भारी छूट के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। आप कार्यकताओं का शराब के प्रोत्साहन के विरुद्ध जिला मुख्यालय पर जमकर विरोध प्रदर्शन हुआ। यूपी सरकार द्वारा शराब बिक्री पर दिए गए बम्पर ऑफर की कड़ी निंदा करते हुए आम आदमी पार्टी की जनपद इकाई के जिला अध्यक्ष निमित यादव के नेतृत्व में जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन में जिलाध्यक्ष निमित यादव ने कहा कि प्रदेश की सत्तारूढ़ योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा शराब की एक बोतल के साथ दूसरी और तीसरी तक बोतल मुफ्त देने की योजना ने न केवल समाज को नैतिक रूप से कमजोर किया है, बल्कि यह राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य और भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है।

# एबीवीपी ने राष्ट्रविरोधी तत्वों का पुतला दहन कर व्यक्त की नाराजगी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाजियाबाद महानगर द्वारा शनिवार को रामतेराम रोड स्थित दिल्ली जूस कॉर्नर तिराहे पर सपा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया गया। महानगर मंत्री तनिष्क शिशोदिया ने बताया कि कुछ समय पूर्व भारत के गौरव वीर शिरोमणि महाराणा सांगा के लिए विवादित टिप्पणी करने वाले सांसद के खिलाफ लोगो में रोष है। ऐसे असामाजिक तत्वों द्वारा भारत की प्रभुता पर सवाल उठाना काफी शर्म का विषय है। इसी के चलते एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने रोष जताते हुए कहा कि ऐसे लोगों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए जिस से कोई भी व्यक्ति राष्ट्र के गौरव के विषय में ऐसी अपमानजनक बातें ना कर सकें।

इस मौके पर महानगर सहमंत्री तुषार बैसला, महानगर सहमंत्री कुलदीप आर्य, महानगर सहमंत्री विष्णु त्रिपाठी, आकाश बैसला, निखिल बैसला, नगर सहमंत्री योगराज राणा, इकाई उपाध्यक्ष लविश यादव, इकाई उपाध्यक्ष सुमित कसाना, इकाई सहमंत्री सनी नागर, आशीष सैनी, सैंडी ठाकुर, अंशु चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी ने मनाई डॉ. राममनोहर लोहिया जयंती

# लोहिया ने अपने दम पर शासन का रुख बदला : फैसल हुसैन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोहिया नगर स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क में समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई गई एवं महान क्रांतिकारीयों शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जी के शहादत दिवस पर उनको नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन ने अपने संबोधन में कहा राममनोहर लोहिया का जन्म 23 मार्च 1910 को फैजाबाद में हुआ था। उनके पिताजी हीरालाल पेशे से अध्यापक व हृदय से सच्चे राष्ट्रभक्त थे।



### आइए, संकल्प लें कि हम महान शहीदों के विचारों और मूल्यों की रक्षा करेंगे : वीरेंद्र यादव

महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने शहीदी दिवस पर बोलते हुए कहा कि हर साल 23 मार्च को शहीद दिवस इसलिए मनाया जाता है। क्योंकि इस दिन देश की आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले वीर सपूतों, क्रांतिकारियों और अंग्रेजों का विरोध करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया जाता है। आइए, संकल्प लें कि हम अपने महान शहीदों के विचारों और मूल्यों की हर कीमत पर रक्षा करेंगे। अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के सर्वोच्च बलिदान को नमन।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट, जिला महासचिव नितिन त्यागी, महानगर महासचिव राजन कश्यप, वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा राज देवी चौधरी, युवा जनसभा महानगर अध्यक्ष ठाकुर, विक्की सिंह, यूथ ब्रिगेड महानगर अध्यक्ष रविंद्र यादव, लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी, यूथ बिग्रेड जिला अध्यक्ष इरफान अमानत चौधरी, छात्र सभा जिला अध्यक्ष अंशु ठाकुर, महिला सभा महानगर अध्यक्ष किरण कालिया, आकाश अग्रवाल, मुरादनगर विधानसभा अध्यक्ष महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा मोहम्मद अब्बास हैदर, एससी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह, पिछड़ा वर्ग प्रदेश सचिव ताहिर हुसैन, शहजाद खान, योगेश सिरोही, आशु अब्बासी, सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह यादव, पुष्पा शर्मा, जिले खान सलमानी, राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा रोहित माथुर, सुनील जिंदल, मजदूर सभा जिला अध्यक्ष फिरोज चौधरी, जिला सचिव खालिद बुखारी, कृष्ण कुमार यादव, जिला सचिव उमेश कश्यप, सत्यप्रकाश कंसल, महानगर सचिव कमरुद्दीन सैफी, गुलफाम शाहनवाज खान, साजिद सैफी, गुड्डू यादव, सुरेंद्र यादव, जितेंद्र जाटव, सैनिक प्रकोष्ठ, महानगर अध्यक्ष कैप्टन सतपाल किरण चौधरी, रिजवान चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। उदिता त्यागी की एक खूबी ये है कि वो अपनी पोस्ट से कम शब्दों में बड़ा संदेश देती हैं। इस बार वो महिला मोर्चा, गाजियाबाद महानगर के साथ आईं और उन्होंने लिखा कि मुझे गर्व है अपनी शेरनियों पर। अब गर्व किस बात का है ये उदिता त्यागी बेहतर जानती हैं। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।